हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 नवम्बर 2024

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

inh 24x7
बढ़ते भारत की आवाज

IRON LIFE
IRON SHARPENS IRON

## उद्घाटन समारोह

मुख्य अतिथि



**मान. टंकराम वर्मा**
खेल एवं युवा कल्याण
मंत्री (छ.ग. शासन)

विशेष अतिथि




**मान. पुरंदर मिश्रा**
विधायक
रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र

विशेष अतिथि



**मान. एजाज ढेबर**
महापौर
नगर निगम, रायपुर

विशेष अतिथि



**मान. प्रमोद दुबे**
सभापति
नगर निगम, रायपुर

विशेष अतिथि



**मान. अनुज शर्मा**
विधायक
धरसींवा विधानसभा क्षेत्र

# Freedom RAIPUR RUN

## 1 DEC 2024

10 Km. & 5 Km. CATEGORIES
Marine Drive Telibandha Raipur (C.G.)
Time : 6.00 AM (Morning)

## समापन समारोह

मुख्य अतिथि



**मान. किरण देव**
प्रदेश अध्यक्ष
भाजपा (छ.ग.)

अध्यक्षता



**मान. दीपक बैज**
प्रदेश अध्यक्ष
कांग्रेस (छ.ग.)

विशेष अतिथि



**मान. गुरु खुशवंत साहेब**
विधायक
आरंग विधानसभा क्षेत्र

विशेष अतिथि



**मान. विक्रम सिंह सिसोदिया**
महासचिव
छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ

**Title Sponsor**
Freedom Refined Sunflower Oil

**Prayer Partner**
परिमल भारतवासी अगरबत्ती
भारत देश कि सर्व श्रेष्ठ धूप

**Associate Sponsors**
CONCRETE TMT & PIPES
मजबूती ही हमारा विश्वास है
IB GROUP
ABIS
RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION
R1

**Health Partner**
SANJEEVANI CANCER CARE FOUNDATION

**Outdoor Partner**
ASA ADVERTISING AGENCY

RAMA TMT BARS
ANDAR SE ATOOT
Vachan
Great Taste, Enriched Life
IFFCO
छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन
पंजीयन क्रमांक 3940
स्थापना वर्ष 2012
निजात
नशीले पदार्थों को ना, जिंदगी को हां.
रायपुर पुलिस छत्तीसगढ़

**(BIB Distribution on 30th Nov.)**
**Venue - Haribhoomi Office, Raipur**
**Time - 11 AM. to 4 PM.**
**Only Registered Participants for BIB***

**खबर संक्षेप**

## 6 तहसीलदार व 4 नायब तहसीलदारों का ट्रांसफर

**रायपुर।** रायपुर जिले में 6 तहसीलदारों और 4 नायब तहसीलदारों का तबादला आदेश जारी किया गया है। इनमें दूसरे जिलों से ट्रांसफर होकर आए तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार भी शामिल हैं। कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने इस संबंध में गुरुवार को आदेश जारी किया है। जारी आदेश के तहत दूसरे जिले से ट्रांसफर होकर आए तहसीलदार चंद्रशेखर मंडई को खरोरा, मनीष देव साहू तहसीलदार को गोबरानवापारा, ख्याति नेताम तहसीलदार को अतिरिक्ति तहसीलदार रायपुर एवं चंद्रकुमार सिन्हा नायब तहसीलदार को मंदिर हसौद में पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार जिले में इधर से उधर किए गए तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों में बाबूलाल कुर्रे तहसीलदार खरोरा को धरसींवा, विनोद कुमार साहू तहसीलदार रायपुर को मंदिर हसौद, सृजन सोनकर तहसीलदार गोबरानवापारा को अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, विक्रांत सिंह राठौर तहसीलदार रायपुर को अभनपुर, रोशन साहू नायाब तहसीलदार अभनपुर को रायपुर एवं गजानंद सिदार नायब तहसीलदार रायपुर को आरंग में पदस्थ किया गया है।

## सीएम की अध्यक्षता में राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक आज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई है। बैठक नवा रायपुर अटल नगर स्थित मंत्रालय महानदी भवन में दोपहर 2 बजे रखी गई है। राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में सड़क सुरक्षा परिदृश्य के संबंध में विस्तार से समीक्षा होगी। इसमें समग्र सड़क सुरक्षा परिदृश्य, गत बैठक के विभागवार निर्णय, अनुपालन तथा क्रियान्वयन और सड़क दुर्घटनाओं के कारण, नियंत्रण के उपाय, सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान आदि विषयों पर भी चर्चा होगी।

## तिलहन फसलों के लिए अनुदान बढ़ा

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर तिलहन फसलों के बीज उत्पादन व वितरण पर अनुदान 1000 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये प्रति क्विंटल किया गया। इससे किसानों को बेहतर बीज व अधिक उत्पादन में मदद मिलेगी। अक्ती बीज संवर्धन योजना के तहत इस बढ़ोतरी से तिलहन उत्पादक किसानों को सीधा लाभ होगा। बेहतर गुणवत्ता और अधिक उपज से न केवल तिलहन खेती को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि किसानों की आय में भी वृद्धि होगी।

## डेपुटेशन में जाएंगे आईपीएस दास

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के 2006 बैच के आईपीएस अधिकारी राजेंद्र कुमार दास का डेपुटेशन केंद्र सरकार ने मंजूर कर लिया है। उनकी नियुक्ति केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) में डीआईजी पद पर की गई है। केंद्र सरकार के अवर सचिव की ओर से जारी पत्र में राज्य के मुख्य सचिव अमिताभ जैन से आग्रह किया गया है कि आईपीएस दास को छत्तीसगढ़ से तत्काल प्रभाव से रिलीव किया जाए। छत्तीसगढ़ के आईपीएस अफसर केंद्र सरकार में पूर्व में भी अच्छे पदों पर रह चुके हैं।

# भाजपा की कल संगठन चुनाव पर बनेगी रणनीति, आएंगे शिव प्रकाश, नितिन और बंसल

**कार्यशाला में दी जाएगी पदाधिकारियों को मंडल और जिलाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पर जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा के संगठन चुनाव पर 30 नवंबर को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में रणनीति बनेगी। 30 नवंबर तक बूथ कमेटियों के चुनाव पूरे हो जाएंगे। इसके बाद 1 से 15 दिसंबर तक मंडलों और इसके बाद 15 से 30 दिसंबर तक जिलाध्यक्षों के चुनाव होने हैं।

ये चुनाव किस तरह से होंगे, इसके बारे में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री और प्रदेश के पर्यवेक्षक बनाए गए शिव प्रकाश, प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन और राष्ट्रीय सह चुनाव अधिकारी नरेश बंसल कार्यशाला में जानकारी देंगे। कार्यशाला में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय के साथ सभी पदाधिकारी भी शामिल होंगे। भाजपा का दो सितंबर से सदस्यता अभियान चल रहा है।

इसका समापन यूं तो 15 नवंबर को होना था, लेकिन अभी यह अभियान चल रहा है, लेकिन अब यह हर हाल में 30 नवंबर को समाप्त हो जाएगा। इधर 20 नवंबर से संगठन चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। पहले चरण में बूथ कमेटियों के चुनाव हो रहे हैं। ये 30 नवंबर को समाप्त हो जाएंगे और इसके बाद मंडल और जिलाध्यक्षों के चुनाव होंगे।





### ये होंगे कार्यशाला में शामिल

भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारी 30 नवंबर की सुबह को रायपुर पहुंचेंगे। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में 11 से 3 बजे तक कार्यशाला होगी। इसमें मंडल और जिलाध्यक्ष चुनाव के बारे में बताया जाएगा। इस कार्यशाला में प्रदेश में रहने वाले राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश संगठन के सभी पदाधिकारी, प्राथमिक सदस्यता अभियान के संयोजक और सदस्य, सक्रिय सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रभारी और सदस्य, प्रदेश के चुनाव प्रभारी, और सदस्य, जिलों के चुनाव प्रभारी और सदस्य, जिलों के प्रभारी, जिलाध्यक्ष और महामंत्री, मोर्चा, प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष और संयोजक शामिल होंगे। इन सभी को चुनाव के राष्ट्रीय सह चुनाव अधिकारी इस बात की जानकारी देंगे कि मंडल अध्यक्षों का और फिर जिलाध्यक्षों का चुनाव किस तरह से होगा। जिलाध्यक्षों के चुनाव के बाद दिल्ली में एक बार फिर से राष्ट्रीय संगठन की बैठक होगी। इसके बाद राज्यों के प्रदेशाध्यक्षों का फैसला होगा। जनवरी में राज्यों के प्रदेशाध्यक्षों के चुनाव के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा।

### पर्यावरण मंडल की बैठक में सभी बड़े थर्मल पॉवर प्लांट के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा

**उद्योगों को सरकार की दो टूक**

# फ्लाईएश को जमीन, पानी में डंप न करें उपयोग करने वालों तक मुफ्त में पहुंचाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




फ्लाईएश को लेकर प्रदेश सरकार काफी गंभीर है। ऐसे में प्रदेश के थर्मल पॉवर प्लांट के उद्योगपतियों के साथ पर्यावरण मंडल की बैठक में उद्योगों से दो टूक कहा गया है, फ्लाईएश को किसी भी हाल में जमीन के अंदर या फिर पानी में डंप न करें। फ्लाईएश का जिन योजनाओं में उपयोग हो रहा है, उन तक इसको मुफ्त में पहुंचा कर दें।

फ्लाईएश नोटिफिकेशन-2021 के विभिन्न प्रावधानों के पालन एवं उद्योगों द्वारा की जा रही कार्यवाही के मूल्यांकन के लिए प्रदेश के सभी थर्मल पॉवर प्लांट के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन गुरुवार को नवा रायपुर में अंकित आनंद, सचिव, आवास एवं पर्यावरण विभाग एवं अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मंडल के सदस्य सचिव, पी. अरूण प्रसाद भी उपस्थित थे। बैठक में श्री आनंद, ने कह, फ्लाईएश अधिसूचना, 2021 के विभिन्न प्रावधानों एवं प्रावधानों में उल्लेखित समयसीमा अनुसार फ्लाईएश के उपयोग की जिम्मेदारी उद्योगों की है। उन्होंने कहा, सभी प्लांट यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थिति में फ्लाईएश भूमि या जल निकायों में डंप न किया जाए एवं जहां विभिन्न गतिविधियों में फ्लाईएश का उपयोग किया जा रहा है उन परियोजना स्थल तक मुफ्त में फ्लाईएश पहुंचाई जाए। यह सुनिश्चित करें कि फ्लाईएश को लाने ले जाने वाले वाहन ठीक तरह से तारपोलिन से ढ़कें हों एवं किसी भी स्थिति में फ्लाईएश सड़क पर न गिरे अन्यथा संबंधित उद्योग के विरूद्ध निर्धारित नियम के अनुसार कड़ी कार्रवाई करते हुए पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की कार्रवाई की जाएगी।

पी. अरुण प्रसाद ने लीगेसी एश एवं नॉन लीगेसी एश के निपटान के संबंध में फ्लाईएश अधिसूचना, 2021 में निर्धारित की गई समयसीमा की जानकारी दी। श्री प्रसाद ने बताया, नए नियमों का पालन न करने वाले विद्युत संयंत्रों पर हर वित्तीय वर्ष के अंत में प्रयोग में न आने वाली फ्लाईएश पर 1000 रुपए प्रतिटन के मान से पर्यावरणीय मुआवजा लगाया जाएगा। आवास एवं पर्यावरण मंत्री के आदेश से फ्लाईएश वाहनों की निगरानी के लिए एक नया पोर्टल विकसित किया गया है। बैठक में थर्मल पॉवर प्लांट को उनके सुझावों के लिए इस पोर्टल का प्रस्तुतीकरण भी दिया गया। बैठक में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी दी कि फ्लाईएश अधिसूचना, 2021 में फ्लाईएश के उपयोग एवं कार्यान्वयन की प्रगति के लिए प्रवर्तन, निगरानी, लेखा परीक्षा और रिपोर्टिंग का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने बताया, लीगेसी एश से तात्पर्य उस फ्लाईएश से है जो अधिसूचना की प्रभावी तिथि से पहले एश पॉउड्स या लैण्डफील में संग्रहित है। लीगेसी एश का उपयोग इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 10 वर्षों के भीतर समयबद्ध रूप से पूरा किया जाना है। उन्होंने बताया, इस अधिसूचना के अनुसार थर्मल पॉवर प्लांट और उपयोगकर्ता एजेंसी द्वारा फ्लाईएश निपटान के लिए अनुपालन ऑडिट केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अधिकृत आडिटरों द्वारा किया जाएगा।

# निकाय और पंचायत चुनावों को लेकर एक्शन मोड में कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ कांग्रेस नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर एक्शन मोड पर नजर आ रही है। विधानसभा और लोकसभा चुनाव में करारी हार के बाद पीसीसी अध्यक्ष जिला स्तर पर कांग्रेस कमेटी की बैठक लेकर एकजुटता का पाठ पढ़ा रहे हैं। नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जिला कांग्रेस कमेटी की बैठकें शुरू कर दी हैं। नगरीय निकाय चुनाव जनवरी-फरवरी में होने की संभावनाओं के बीच कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना शुरू कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव में करारी हार और लोकसभा चुनाव में भाजपा से मिली शिकस्त के बाद छत्तीसगढ़ कांग्रेस में व्याप्त कलह खुलकर सामने आ चुकी है। पार्टी के बड़े नेता भले ही एकजुटता का राग अलाप रहे हों, लेकिन सत्ता से बाहर हुई कांग्रेस के बड़े नेताओं में चुनाव हारने के बाद एकजुटता अब भी नजर नही आ रही है। नगरीय निकाय चुनाव के पूर्व कांग्रेस कमेटी डेमेज कंट्रोल करने में लगी है। जिलों में चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों के बीच पीसीसी ने वार्ड और अन्य प्रभारियों को निर्देश जारी किए हैं।

### संगठन में फेरबदल की भी सुगबुगाहट

इधर पीसीसी अध्यक्ष संगठन में फेरबदल की तैयारी में भी जुटे हैं। अपनी नई टीम में कई जिला अध्यक्षों के परफार्मेंस के आधार पर हटाने की तैयारी चल रही है। आलाकमान की मंजूरी के बाद सूची इसी माह के अंत में जारी होने की संभावना है। विधानसभा उप चुनाव के पहले यह सूची आनी थी, लेकिन इसे टाल दिया गया। अब नगरीय निकाय चुनाव के पहले सूची जारी कर नए लोगों को नेतृत्व दिए जाने की तैयारी है।

### पूरी ताकत लगा रहे राजनीतिक दल

छत्तीसगढ़ में 184 नगरीय निकाय हैं, जिसमें 14 नगर निगम, 48 नगर पालिका परिषद और 122 नगर पंचायतें शामिल हैं। सभी राजनीतिक दल इस बार के नगरीय निकाय चुनाव में जीत के लिए अपनी पूरी ताकत लगा रहे हैं। कांग्रेस जो पिछली बार की हार से जूझ रही है, इस बार जीतने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। हालांकि, अभी तक नगरीय निकाय चुनाव की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि जनवरी में चुनावों की तारीखों का ऐलान हो सकता है।

# नौ जिलों में अब तक धान बेचने वाले एक हजार भी नहीं, बेमेतरा बालोद बिक्री में सबसे आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन पर धान खरीदी 14 नंवबर से शुरू होने के बाद अब तक दस दिनों की खरीदी हो चुकी है, लेकिन राज्य के नौ जिले ऐसे हैं, जहां पूरे जिले में हजार किसानों ने ही धान बेचा है। दूसरी ओर बेमेतरा और बालोद जिलों में तीस हजार से अधिक किसान अपना धान बेच चुके हैं। माना जा रहा है कि कुछ जिलों में धान बेचने के दौरान ऑनलाइन टोकन हासिल करने में कठिनाई के कारण धान बेचने में परेशानी आई है, लेकिन अब सोसाइटियों को 40 प्रतिशत टोकन काटने की अनुमति होने से बिक्री में आसान होगी।

### बेमेतरा, बालोद में सबसे अधिक ने बेचा है

धान खरीदी शुरु होने के बाद से लेकर अब तक बेमेतरा में साढ़े 31 हजार से ज्यादा किसानों ने धान बेचा है। इसके बाद के क्रम में बालोद साढ़े 30 हजार,राजनांदगांव में 29 हजार 333, महासमुंद में 26 हजार, धमतरी 26 हजार, रायपुर 26 हजार, दुर्ग 20 हजार, कवर्धा 19 हजार, किसानों ने धान बेचा है। राज्य में 31 जनवरी तक धान बेचने का समय है।

### इन जिलों में खरीदी की रफ्तार धीमी

राज्य के जिन जिलों में अब तक सबसे कम धान खरीदा गया है, उनमें बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सुकमा, कोरबा, सक्ती, बलरामपुर, जशपुर, मनेंद्रगढ़- चिरमिरी-भरतपुर जिला शामिल हैं। हालांकि इन सभी जिलों में राज्य के अन्य जिलों की तरह धान खरीदी के लिए उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। खरीदी की सारी व्यवस्था सही होने के बाद भी किसान धान बेचने उपार्जन केंद्र तक नहीं पंहुचे हैं। इस संबंध में मार्कफेड के अधिकारियों का कहना है कि कई क्षेत्रों में धान कटाई देर से हुई है। धान कटने के बाद सुझाने में भी कुछ समय लगता है, इस वजह से कुछ जिलों में धान खरीदी फिलहाल धीमी है।

# बढ़ते अपराधों से ध्यान हटाने गृहमंत्री घुसपैठियों का राग अलाप रहे

**कांग्रेस ने पूछा- कितने घुसपैठियों की पहचान की गई सार्वजनिक करें**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा अराज्य में घुसपैठियों के बसने के गृहमंत्री विजय शर्मा के बयान पर सवाल खड़ा करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राज्य की कानून व्यवस्था को संभाल नहीं पा रहे गृहमंत्री बढ़ते अपराधों से जनता का ध्यान हटाने घुसपैठियों का नया राग अलाप रहे हैं। प्रदेश में एक साल से भाजपा की सरकार है, विजय शर्मा गृहमंत्री हैं, कितने घुसपैठियों की पहचान उनकी सरकार ने किया है? उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है? उसकी सूची को राज्य सरकार सार्वजनिक करे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, यदि देश में 11 साल से नरेन्द्र मोदी की सरकार है। यदि भारत के हृदय स्थल छत्तीसगढ़ तक विदेशी घुसपैठिये पहुंच गये हैं, जैसा कि छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री दावा कर रहे हैं, इसका मतलब मोदी सरकार भारत में विदेशी घुसपैठियों को रोक पाने में विफल साबित हुई है। इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तत्काल इस्तीफा दें। भारत में घुसपैठियों के प्रवेश की बात उनकी ही राज्य सरकार के जिम्मेदार मंत्री स्वीकार कर रहे हैं।

# सोनी ने ली विधायक पद की शपथ सदन में उनकी सीट तय करेंगे रमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा के सभागार में रायपुर दक्षिण के नव निर्वाचित विधायक सुनील सोनी को विधायक पद की शपथ दिलाई। उन्होंने ईश्वर के नाम पर हिन्दी में शपथ ली। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित मंत्रियों और विधायकों ने सोनी को नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दी। बृजमोहन अग्रवाल की रिक्त हुई सीट से जीतकर विधानसभा पहुंचे सुनील सोनी सदन में कहां बैठेंगे, यह विधानसभा अध्यक्ष तय करेंगे। विधानसभा सचिवालय ने इसकी नस्ती बढ़ा दी है।

उन्होंने शपथ ग्रहण के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मैं अपने क्षेत्र की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा और उनकी सेवा में समर्पित रहूंगा। विधायक सुनील सोनी को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बधाई दी। उन्होंने कहा, विधानसभा में उनकी आवाज मजबूत रहेगी और वह क्षेत्र की जनता के हित में काम करेंगे। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, किरण सिंह देव, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, गुरु खुशवंत साहब एवं जनप्रतिनिधि एवं पार्टी कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

### सत्र को लेकर सरकार की पूरी तैयारी

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने इस अवसर पर मीडिया से चर्चा के दौरान छत्तीसगढ़ी राजभाषा को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि सरकार राजभाषा को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा रही है। प्राइमरी शिक्षा में इसे महत्व दिया जा रहा है और सरकारी कार्यों में इसके उपयोग को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने शीतकालीन सत्र को लेकर कहा, शीतकालीन सत्र में प्रदेश की जो मुख्य समस्याएं हैं, उनका निराकरण होगा, इसके लिए सरकार की तैयारी भी पूरी है।

### // आम सूचना //

(रघुकुल रियाल्टीज पार्टनर कमल कुमार कलवानी के नाम पर दर्ज कृषि भूमि स्थित ग्राम मांढर, प.ह.न. 0022, रानिम धरसीवां-1, तहसील वो जिला रायपुर, छ.ग. पर न्यायालय से स्टे / निषेधाज्ञा जारी होने के संबंध में।

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, ग्राम मांढर स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 999/3, 999/5, 999/7, 999/9 एवं खसरा नंबर 1005/2 का रकबा कमशः 0.081, 0.040, 0.384, 0.065, 0.352 हेक्टेयर, खसरा नंबर 994/2 का रकबा 0.474 एवं 999/4, 999/6, 999/8, का रकबा क्रमशः 0.040, 0.198 एवं 0.376 हेक्टेयर के संबंध में हमारे पक्षकार संदीप शर्मा द्वारा संविदा के विनिर्दिष्ट पालन एवं स्थायी निषेधाज्ञा के 3 व्यवहार वाद माननीय जिला न्यायाधीश, रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किए गए थे, जिस पर माननीय अष्टम जिला न्यायाधीश, रायपुर, छ.ग. द्वारा प्रकरण क्रमांक 57 ए/2024, 53 ए/2024 एवं 60 ए/2024 में दर्ज कर सुनवाई उपरांत आदेश दिनांक 19.11.2024 के माध्यम से अस्थायी निषेधाज्ञा का आदेश पारित कर रघुकुल रियाल्टीज को उक्त वर्णित वाद संपत्ति को अन्यत्र अंतरित, विक्रय आदि करने से प्रकरण के अंतिम निराकरण तक निषेधित किया गया है। अतः कोई भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, समूह आदि शीर्ष में वर्णित भूमि के संबंध में रघुकुल रियाल्टीज से अथवा उनके भागीदार, प्रतिनिधि, एजेंट, डेवलपर आदि से किसी भी प्रकार का अंतरण का संव्यवहार ना करें, अन्यथा उन्हें वैध स्वामित्व एवं आधिपत्य नहीं मिलेगा तथा अनेक प्रकार की जटिलताओं, परेशानी, क्षति का सामना करना पड़ेगा। यदि किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य द्वारा आज दिनांक तक किसी प्रकार के अंतरण आदि से संबंधित संव्यवहार किया गया हो तो भी उसकी सूचना हमारे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि आवश्यक कार्यवाही की जा सके ।

रायपुर
दिनांक - 23.11.2024

**एडवोकेट्स**
राकेश पुरी, मुकेश कांबडे, रविशंकर गुप्ता शोयेब अल्वी, नितिन चंद्राकर, रिषभ साहू, **अधिवक्तागण**, अशोक विहार कालोनी, पंडरी, रायपुर 93295-35300

### // आम सूचना //

(खसरा नं. 665 / 166 का भाग, रकबा 810 वर्गफुट ग्राम रायपुरा, तह. व जिला रायपुर से संबंधित)

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि हमारे मुवक्किलान श्री विशाल सिंह एवं श्री राहुल सिंह दोनो पिता श्री सुभाष सिंह दोनो निवासी वार्ड क्र. 67. न्यू चंगोराभाठा, रायपुर ने श्री भुवन सिंह ठाकुर पिता स्व. श्री नारायण सिंह ठाकुर से उसके स्वामीत्व एवं आधिपत्य की आवासीय परिवर्तित भूमि खसरा नं. 665 / 166 का भाग रकबा 27x30 = 810 वर्गफुट स्थित माधव राव सप्रे वार्ड क्र. 68. ग्राम रायपुरा, प.ह.नं. 104/57. रा.नि.मं. रायपुर, तह. व जिला रायपुर को क्रय करने का सौदा पक्का कर ब्याने की राशि विक्रेता को दे चुके है एवं अब केवल शेष राशि का भुगतान कर रजिस्ट्री कराना शेष है।

यदि उपरोक्त वर्णित करारशुदा सम्पत्ति के सौदे पर किसी भी बैंक साहूकार, व्यक्ति, वित्तीय संस्था एवं शासन आदि को किसी प्रकार की उजर या दावा हो तो ऐसे उजर व दावे को इस आम सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिनों के अंदर दस्तावेजी साक्ष्य के साथ हमारे समक्ष हमारे कार्यालय में कार्यालयीन समय 11 से 5 बजे के बीच लिखित में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद बीतने पर हमारे मुवक्किल द्वारा रजिस्ट्री बैनामा करा लिया जावेगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार के किये गए उजर या दावे अमान्य व अवैध होंगे जो हमारे पक्षकारों पर बंधनकारी नहीं होंगे।

जो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 28.11.24

**एन.के. श्रीवास्तव, अधिवक्ता**
श्रीवास्तव एण्ड एसोसिएट्स
एफ-33, हीरा आर्केड,
पुराना बस स्टैण्ड पण्डरी, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 98261-13956

# कॉलेज की जमीन वापस करने पर अड़ी एनएसयूआई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमलीडीह में सरकारी कॉलेज के लिए आवंटित 9 एकड़ जमीन को एक निजी बिल्डर को दिए जाने के विरोध में एनएसयूआई सड़क पर उतर आई है। विरोध-प्रदर्शन के सिलसिले में एनएसयूआई गुरुवार को कलेक्टोरेट पहुंची। यहां कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर पूर्व निर्धारित क्षेत्र में कॉलेज निर्माण किए जाने की मांग की। गौरतलब है कि अमलीडीह में लगभग 3.2 हेक्टेयर जमीन सरकारी कॉलेज निर्माण के लिए आरक्षित की गई थी, लेकिन हाल ही में इस जमीन को निजी बिल्डर को दिए जाने संबंधित जानकारी सामने आने के बाद छात्रों और स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया है।

### निजी हितों के संरक्षण का आरोप

एनएसयूआई ने इस मामले में प्रशासन पर गलत तरीका अपनाने और निजी हितों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। इस कदम का एनएसयूआई ने कड़ा विरोध करते हुए प्रशासन से मांग की है कि इस जमीन को तत्काल सरकारी कॉलेज के लिए वापस लिया जाए और दोषी अधिकारियों व बिल्डर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि इस पर उचित कदम नहीं उठाए गए, तो बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे। प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडेय के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष शांतनु झा, अमित शर्मा, हेमंत पाल, संकल्प मिश्रा, निखिल बघेल, वैभव मूंजेवार, रजत ठाकुर, पुनेश्वर लहरे सहित अन्य एनएसयूआई पदाधिकारी व छात्र उपस्थित रहे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

छोटे बच्चों की कक्षाएं पहली पाली में, इन्हें अधिक तकलीफ

अधिक दूरी वाले स्कूलों के विद्यार्थी सुबह 6-6.30 बजे निकलते हैं घर से

हरिभूमि
रायपुर भूमि

सबसे कम तापमान 8.5 डिग्री अंबिकापुर में, यहां हाड़ कंपाने वाली ठंड





# बच्चो! कांपते रहिए... बलरामपुर और मनेंद्रगढ़ में कक्षाएं सुबह 9 बजे के बाद, राजधानी में फिलहाल परिवर्तन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के बच्चों को फिलहाल कांपना पड़ेगा, क्योंकि प्रदेश के अन्य जिलों में जहां ठंड को देखते हुए समय-परिवर्तन कर दिया गया है, वहीं रायपुर में शीतलहर चलने का इंतजार किया जा रहा है। जिन विद्यालयों में दो पालियों में कक्षाओं का संचालन होता है, वहां छोटे बच्चों की कक्षाएं सुबह की पाली में तथा बड़े बच्चों की कक्षाएं दोपहर की पाली में संचालित की जाती हैं। अधिक दूरी वाले स्कूलों के छात्रों को सुबह 6 - 6.30 बजे से ही घर से निकलना पड़ता है। ऐसे में उन्हें सुबह-सुबह कड़कड़ाती सर्दी का ▶▶|शेष पेज 14 पर

खास खबर



### एक पाली में लगने वाले स्कूल खुलेंगे सुबह 10 बजे

एक शिफ्ट में लगने वाले स्कूल का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक किया गया है। बलरामपुर जिले में भी शाला संचालन के लिए उपरोक्त समय-सारिणी ही लागू होगी। सरगुजा संभाग नवंबर के दूसरे पखवाड़े से ही शीत लहर की ▶▶|शेष पेज 14 पर

## फेंगल के कारण चल रही ठंडी हवा, कल से बदली-बारिश

गुरुवार सुबह से शहर में चल रही ठंडी हवा देर शाम-रात तक तीव्र हो गई। दक्षिण-पश्चिम में निर्मित हो रहे तूफान 'फेंगल' के कारण यह स्थिति निर्मित हो रही है। अन्य दिनों की अपेक्षा गुरुवार को ठंड का अधिक अहसास हुआ। तूफान के प्रभाव से प्रदेश में कल से बदली-बारिश की भी संभावना व्यक्त की जा रही है। छत्तीसगढ़ में इस तूफान से जन-धन की हानि की आशंका नहीं है, लेकिन बदली-बारिश सहित तापमान पर इसका असर नजर आएगा। दक्षिण छत्तीसगढ़ सहित प्रदेश के कई स्थानों पर बादल छाए रहेंगे और ▶▶|शेष पेज 14 पर

### अधिकतम में कमी न्यूनतम में वृद्धि

बादल छाए रहने के दौरान अधिकतम तापमान में कमी आएगी तथा न्यूनतम तापमान में लगातार वृद्धि होने की संभावना है। न्यूनतम और अधिकतम तापमान में अधिक अंतर इस दौरान नहीं होगा। गुरुवार को प्रदेश में सबसे कम तापमान अंबिकापुर में रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री दर्ज किया गया है। यहां हाड़ कंपाने वाली ठंड ▶▶|शेष पेज 14 पर

## खबर संक्षेप



### फर्जी इकरारनामा तैयार कर 72 लाख की ठगी आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** खम्हारडीह थाने की पुलिस ने फर्जी इकरारनामा कर जमीन बिक्री करने के नाम पर 72 लाख की ठगी करने के आरोप में एक जमीन दलाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक प्रणीत चौबे की शिकायत पर गोबरा नवापारा निवासी देवेंद्र शुक्ला को गिरफ्तार किया गया है। देवेंद्र ने प्रणीत के पिता को जमीन बिक्री का फर्जी इकरारनामा दिखाकर 40 एकड़ जमीन बेचने का सौदा कर 72 लाख रुपए एडवांस ले लिया। जमीन बिक्री करने अखबार में इश्तहार जारी करने के बाद जमीन मालिक ने आपत्ति दर्ज कराई तब प्रणीत को अपने पिता के साथ ठगी होने की जानकारी मिली।

### गांजा तस्करी करने के आरोप में दो गिरफ्तार



**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने की पुलिस ने गांजा तस्करी करने के आरोप में उत्तरप्रदेश के दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के कब्जे से पुलिस ने डेढ़ लाख रुपए से ज्यादा कीमत का 16 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक गांजा तस्करी करने के आरोप में उत्तरप्रदेश, गोंडा निवासी मोहम्मद उमर इदरीश तथा कानपुर निवासी आदिल शेख को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रिंग रोड एक स्थित कैनाल रोड ओवरब्रिज के पास जांच के दौरान पकड़ा है। आरोपी ओडिशा से गांजा तस्करी कर लेकर आए थे।

### ट्रांसफर्मर से ऑयल चोरी, अपराध दर्ज

**रायपुर।** धरसींवा थाना में बिजली विभाग के एक कनिष्ठ अभियंता ने ट्रांसफर में तोड़फोड़ कर ट्रांसफार्मर से डेढ़ लाख रुपए कीमत का ऑयल चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक उपेंद्र वैष्णव ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। उपेंद्र ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात चोर ट्रांसफार्मर में तोड़ फोड़कर ट्रांसफार्मर से ऑयल चोरी कर ले गया।

### बच्चों के झगड़े में मारपीट

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाने में एक महिला ने एक अन्य महिला के खिलाफ बच्चों के झगड़े में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक पलौद निवासी सरस्वती पटेल ने रामेश्वरी जांगड़े के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सरस्वती ने पुलिस को बताया है कि बच्चों के झगड़े की वजह से रामेश्वरी ने उसके साथ मारपीट की।

रायपुर स्मार्ट सिटी के 130 करोड़ का प्रोजेक्ट 2 साल बाद भी पूरा नहीं

# मोतीबाग कमांड एरिया की पाइप लाइन टेस्टिंग में 3 जगहों पर बड़ा लीकेज, एजेंसी पर 10 लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**15 वार्डों में 1.25 लाख आबादी को 24 घंटे पानी पहुंचाने की योजना**

राजधानी के 15 वार्डों में 24 घंटे पेयजल पहुंचाने की टेस्टिंग को 3 जगह बड़े लीकेज मिलने के बाद रोक दिया गया है। लीकेज सुधारने के बाद दो दिन बार फिर पाइप लाइन टेस्टिंग की जाएगी। यह लीकेज नगर घड़ी चौक के सामने, कोतवाली चौक, मौदहापारा रोड सुभाष चौक के पास मिला है। सड़क पर पानी भरने के बाद टेस्टिंग रोक दी गई है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अल्टीमेटम के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं होने से रायपुर अनुबंधित एजेंसी पर 10 लाख रुपए का जुर्माना का आदेश दिया है। काम की सुस्त रफ्तार का आलम ये है कि 2 साल बीतने के बाद भी राजधानी के 1.25 लाख लोगों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पाया है।

दरअसल, मोतीबाग टंकी के कमांड एरिया का 10 नेटवर्क का वाल्व टेस्टिंग के लिए खोला गया, जिसमें एक नहीं, बल्कि आधा दर्जन बड़े लीकेज सामने आए। इनमें से 3 लीकेज ऐसे हैं, जिसके लिए सीएसईबी को 2 घंटे का बिजली शट डाउन करना पड़ेगा, क्योंकि 24 घंटे लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने की योजना वाली पाइप लाइन के आसपास विद्युत वितरण विभाग की हाईटेंशन अंडरग्राउंड पाइप लाइन निकल रही है। इनमें रेरा आफिस नगर घड़ी चौक के सामने बड़ा लीकेज मिलने के बाद स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने फिलहाल इस एरिया की टेस्टिंग का काम रोक दिया है। दो दिन बाद दोबारा पाइप लाइन टेस्टिंग कर लीकेज की जांच की जाएगी। इसी तरह एमजी रोड सिंधी मार्केट के पास पाइपलाइन मरम्मत की नौबत आई है। वहीं सिटी कोतवाली चौक के पास बड़ा लीकेज मिला है।





### अधिकतम 6 फीसदी तक जुर्माना का है प्रावधान

प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक 24 घंटे जल आपूर्ति योजना में पाइप लाइन लीकेज की मरम्मत के बाद दोबारा उन्हीं जगहों पर पाइप लाइन लीकेज मिलने और समय पर काम नहीं होने की स्थिति में अनुबंध की शर्त के हिसाब से रायपुर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट कास्ट का अधिकतम 6 फीसदी राशि तक जुर्माना वसूल सकती है। यदि ऐसा हुआ, तो यह राशि करीब 9 करोड़ तक जा सकती है। हालांकि अभी यह प्रोजेक्ट ट्रायल रन में है।

### 176 किलोमीटर दायरे में बिछाई गई नई पाइप लाइन टेस्टिंग में लीकेज की भरमार

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 130 करोड़ में कोल्हापुर के लक्ष्मी सिविल इंजीनियरिंग कार्पोरेशन को एबीडी एरिया के 15 वार्डों में 24 घंटे पेयजल पहुंचाने का काम दिया है। इसके तहत संबंधित एजेंसी ने 176 किलोमीटर दायरे में नई पाइप लाइन बिछाई है। पाइप लाइन बिछाने के बाद अब लोगों के घरों तक पानी आपूर्ति से पहले इसका ट्रायल रन किया जा रहा है, यह काम अभी 2 माह और चलेगा। मैनपावर कम रखने और पाइप लाइन बिछाने के काम में गुणवत्ता में कोताही बरतने से टेस्टिंग के दौरान बड़ी संख्या में लीकेज मिल रहा है। मोतीबाग पानी टंकी कमांड एरिया में 20 हजार कनेक्शन की जांच के लिए पखवाड़ेभर पहले टेस्टिंग कर दूसरे दिन पानी छोड़ा गया। इसमें 17 जगह लीकेज सामने आए। सूत्रों के मुताबिक मयूरा हॉटल राज टाकीज के पास, चांदनी चौक बूढ़ातालाब क्षेत्र, कालीबाड़ी चौक, तीन मंदिर पुजारी चौक, कंकाली तालाब एरिया, पुलिस लाइन चौक, रानी सती मंदिर, सदर बाजार रोड, गंगा ज्वेलर्स के पास, पुरानी बस्ती, ललिता चौक, तात्यापारा चौक के साथ शिव मंदिर बढ़ई पारा, जोरापारा क्षेत्र, मोमिनपारा और आरडीए बिल्डिंग शारदा चौक में पाइप लाइन लीकेज मिला।

# महाविद्यालयों का अब तय होगा 'स्तर', प्रबंधन भी गुजरेगा दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- यूजीसी ने सत्र के प्रारंभ में की थी नियम बदलने की घोषणा, अब महाविद्यालयों को किया सूचित
- जनवरी 2025 से नए नियमों के आधार पर तय होगा महाविद्यालयों का स्तर

महाविद्यालयों को नैक द्वारा ग्रेडिंग दिए जाने की व्यवस्था में बदलाव जनवरी 2025 से लागू किए जाने की तैयारी है। यूजीसी ने जून-जुलाई में नवीन सत्र प्रारंभ होने के दौरान ही ये संकेत दे दिए थे कि नैक ग्रेडिंग सिस्टम में बदलाव किए जाएंगे। अब महाविद्यालयों को इस संदर्भ में सूचित भी कर दिया गया है। हालांकि इससे संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश फिलहाल जारी नहीं किए गए हैं। महाविद्यालयों को नैक ग्रेडिंग टीम द्वारा ए, बी, सी और डी सहित आठ ग्रेड प्रदान किए जाते रहे हैं। इसके स्थान पर कॉलेजों को लेवल प्रदान किया जाएगा। लेवल-1, लेवल-2, लेवल-3, इस तरह के स्तर महाविद्यालयों के लिए निर्धारित किए जाएंगे।

कॉलेज अपने नाम के साथ ग्रेडिंग का जिक्र भी नहीं कर सकेंगे। वे केवल इसका ही उल्लेख कर सकते हैं कि उनके महाविद्यालय का निरीक्षण नैक टीम द्वारा किया गया है। वेबसाइट पर इसका जिक्र किया जा सकेगा कि उन्हें कौन सा लेवल दिया गया है, किंतु नाम के साथ इसे नहीं जोड़ा जा सकेगा। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, गाइडलाइन दिसंबर माह में जारी किए जा सकते हैं।

### ... इसलिए फैसला

देशभर से ऐसी शिकायतें यूजीसी के पास आती रही हैं, जिसमें प्राइवेट महाविद्यालयों द्वारा अच्छी ग्रेडिंग के आधार पर छात्रों से अधिक फीस ली जा रही थी। जिन निजी महाविद्यालयों की ग्रेडिंग ए अथवा ए प्लस कैटेगरी की होती है, वहां सामान्यतः शासकीय महाविद्यालयों की तुलना में दस गुना तक अधिक फीस वसूली जाती रही है। वहीं शिक्षाविदों का कहना है कि इस फैसले से फीस संबंधित मामले में अधिक अंकुश नहीं लगेगा, क्योंकि ग्रेडिंग की जगह अब लेवल दिए जा रहे हैं। इसके अलावा नैक टीम के निरीक्षण में लगने वाले लंबे समय, खर्च होने वाली राशि सहित अन्य कारणों को आधार माना गया है।

### तीन सदस्यीय टीम करती है दौरा

ग्रेडिंग को लेवल सिस्टम में बदले जाने के अलावा निरीक्षण प्रक्रिया में भी परिवर्तन किया गया है। तीन सदस्यी नैक टीम निरीक्षण के लिए आती रही है। नई व्यवस्था में इसे समाप्त कर दिया जाएगा। महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों को अपनी उपलब्धियों से लेकर अन्य सभी जानकारियां ऑनलाइन उपलब्ध करानी होगी। इसके सत्यापन के लिए पर्याप्त दस्तावेज भी प्रस्तुत करने होंगे। अर्थात छात्रों के दस्तावेज सत्यापित करने वाले कॉलेज अब खुद भी दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया से गुजरेंगे। ऑनलाइन दी गई जानकारियों के आधार पर नैक लेवल तय करेगा।

# यातायात महासंघ ने परिवहन विभाग पर बार्डर में पैसा लेकर बस छोड़ने का लगाया आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बैठक में संघ ने वीएलटीडी, नंबर प्लेट लगाने दोगुनी कीमत लेने के आरोप लगाए

छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ की गुरुवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में संघ के नेताओं ने परिवहन विभाग पर कई गंभीर आरोप लगाए। संघ के नेताओं ने पसंदीदा बस ऑपरेटरों को नियम, कानून ताक पर रखकर परमिट जारी करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इसके चलते बस संचालन करने ऑपरेटरों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित होती है। यातायात महासंघ की बैठक संरक्षक प्रमोद दुबे, संयोजक प्रकाश देशलहरा तथा प्रदेश अध्यक्ष ▶▶|शेष पेज 14 पर

### ऑल इंडिया परमिट की बस मुख्यालय से चलाने की मांग

संघ के नेताओं के मुताबिक परिवहन विभाग ने देहात के कुछ बड़े बस ऑपरेटर को बस संचालन करने ऑल इंडिया परमिट जारी करने की बात कही। संघ के नेताओं ने इसे गलत बताते हुए ऑल इंडिया परमिट की बस मुख्यालय से चलाए जाने की मांग की है। साथ ही बसों का संचालन वर्किंग कैपिसिटी के अनुसार चलाए जाने की मांग की।

### पैसा लेकर बार्डर से बस छोड़ने के आरोप

यातायात महासंघ के नेताओं ने बार्डर पर सभी नियमों को ताक पर रख गाड़ियों को पैसे लेकर छोड़ने के आरोप लगाए हैं। पैसा देकर जो बस ऑपरेटर अपनी गाड़ियां निकाल रहे हैं, उन बस ऑपरेटरों की संघ ने गाड़ी जब्त करने के साथ फाइन लगाने की मांग की है।

### केंद्रीय परिवहन मंत्री, मुख्यमंत्री को समस्या बताएंगे

यातायात महासंघ के मुताबिक केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गड़करी ने 15 दिसंबर को उन्हें मिलने का समय दिया है। संघ के नेताओं के मुताबिक वे केंद्रीय मंत्री तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत कराएंगे। समस्या का हल नहीं होने पर संघ ने आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

# मीटर में छेड़खानी कर बिजली चोरी, कोर्ट ने सुनाया 12 लाख रुपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- खमतराई थाना क्षेत्र में 13 साल पुराने मामले में कोर्ट ने सुनाई सजा

खमतराई थाना क्षेत्र में 13 साल पुराने बिजली चोरी तथा विद्युत मीटर में छेड़खानी के मामले में कोर्ट ने आरोपी को एक वर्ष कैद तथा 12 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अतुल कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट में हुई।

लोक अभियोजक कैलाश आगेशे के मुताबिक कोर्ट ने भनपुरी स्थित मेसर्स मित्तल इंडस्ट्रीज के पुनीत राम साहू को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक ने कोर्ट को बताया कि 17 फरवरी 2011 को विद्युत विभाग के सहायक यंत्री अश्विनी गोपावार मित्तल इंडस्ट्रीज की सरप्राइज जांच के लिए गए थे। इस दौरान सहायक यंत्री ने देखा कि विद्युत मीटर में छेड़खानी की गई है। मीटर की तकनीकी जांच कराने पर पाया कि इंडस्ट्रीज में मीटर के साथ टेंपरिंग कर तीन लाख 90 हजार 876 रुपए की बिजली चोरी की गई है। विद्युत मीटर में टेंपरिंग कर बिजली चोरी करने की पुष्टि होने के बाद सहायक यंत्री ने बिजली चोरी के जिम्मेदार के खिलाफ खमतराई थाने में बिजली चोरी तथा विद्युत मीटर में छेड़खानी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई।

# लाखेनगर से बूढ़ेश्वर मंदिर चौक तक सड़क चकाचक महिला थाना से शैलेंद्र नगर तक सड़क डामरीकरण जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- आमानाका ब्रिज के नीचे बन रहा वेंडिंग जोन, साइंस कालेज चौपाटी होगी शिफ्ट

राजधानी के लाखेनगर से बूढ़ेश्वर मंदिर चौक तक की सड़क चकाचक हो रही है। सड़क के दोनों ओर पेवर ब्लाक लगाने के साथ ही साइनेज बोर्ड भी लगाए जाएंगे। इसी तरह महिला थाना चौक से शैलेंद्र नगर मार्ग की सड़क की दशा सुधारने जल्द डामरीकरण कार्य शुरू होगा। इसके साथ ही मार्ग में प्रकाश की समुचित व्यवस्था के लिए नई लाइटें लगाई जाएंगी। मार्ग को सुंदर बनाने लैंडस्कैपिंग का कार्य कराया जाएगा। दो किलोमीटर के दायरे की इस सड़क का कायाकल्प करने रायपुर स्मार्ट सिटी ने एजेंसी तय कर दी है।

शहर की चुनिंदा सड़कों की दशा सुधारने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने एजेंसी तय कर कार्य शुरू कराया है। जीई रोड में वंदना आटो से आमानाका तक 2.5 किलोमीटर दायरे की सड़क डामरीकरण, पाथवे बनाने से लेकर डिवाइडर निर्माण और एनआईटी के सामने सड़क पर जलभराव रोकने ▶▶|शेष पेज 14 पर

**डिवाइडर मेंटनेंस का काम होगा पूरा, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने दिया ठेका**



### आमानाका ओवर ब्रिज के नीचे वेंडिंग, जोन साइंस कालेज चौपाटी के 60 कियोस्क होंगे शिफ्ट

रायपुर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के मुताबिक जीई रोड पर साइंस कालेज खेल मैदान के सामने मुख्य मार्ग पर संचालित चौपाटी को आमानाका ओवर ब्रिज के नीचे शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए वेंडिंग जोन बनाया जा रहा है। इसमें नए पेवर ब्लाक लगाने के साथ ही लोगों की सुविधा के लिए पेयजल की व्यवस्था रहेगी। वेंडिंग जोन में नई लाइटें लगाई जाएंगी। साथ ही जन सुविधा के लिए टायलेट बनाया जाना प्रस्तावित है। इस वेंडिंग जोन में साइंस कालेज चौपाटी में संचालित 60 स्मार्ट कियोस्क की शिफ्टिंग करने की योजना है।

# स्कूल वैन में आग लगाने के आरोप में दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाने की पुलिस ने स्कूल वैन में आग लगाने के आरोप में दो लड़कों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक लभांडी स्थित सेंट जेवियर स्कूल की वैन में आग लगाने के आरोप में पंकज बंजारे, जीवेश जोशी को गिरफ्तार किया गया है। बदमाशों ने मंगलवार को स्कूल वैन में आग लगाई थी। पुलिस ने आरोपियों को सीसीटीवी से प्राप्त फूटेज के आधार पर गिरफ्तार किया है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## एक कॉल पर पीएम आवास की रुकी किस्त मिली

**रायपुर।** आरंग के गुखेरा गांव के रहने वाले राम स्नेही देवांगन को एक कॉल पर प्रधानमंत्री आवास योजना की रुकी किस्त मिल गई। रामस्नेही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान का निर्माण करा रहा है। इस योजना की पहली किस्त उसे मिल गई थी, लेकिन दूसरी किस्त मिल नहीं पा रही थी, जिसकी शिकायत उसने कलेक्टोरेट के जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर में फोन लगाकर की थी।

## निधन

### डा. अशोक प्रसाद शर्मा

**रायपुर।** सुंदरनगर निवासी डा. अशोक प्रसाद शर्मा कुकेरा वाले (83) का 28 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट मुक्तिधाम में किया गया। वे संदीप शर्मा, सीमा तिवारी के पिता और सिद्धार्थ शर्मा के दादा थे।

### माणिक अमीन

**रायपुर।** अशोका रतन वीआईपी कॉलोनी निवासी महाराष्ट्र मंडल की वरिष्ठ आजीवन सदस्य माणिक अमीन (95) का 28 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर श्मशान घाट में किया जाएगा। वे बृहन्महाराष्ट्र मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शेखर रावसाहेब अमीन, अमोल और चित्रा अमीन की माता थीं।

### धन्नू बंदे

**रायपुर।** उरला निवासी बीरगांव नगर निगम के पूर्व पार्षद व सतनामी समाज के वरिष्ठ प्रतिनिधि धन्नू बंदे (48) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 28 नवंबर को उरला मुक्तिधाम में किया गया। वे शकुंतला बंदे के पति, दुलेश्वर व टिकेश्वर के पिता और रामकुमार व ओमप्रकाश के भाई थे।

# फूल चौक की चौपाटी तोड़ी, जयस्तंभ चौक से आमापारा तक हटाए ठेला-गुमटियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के फूल चौक चौपाटी की दुकानें अब नहीं लगेंगी। गुरुवार को नगर निगम के तोड़दस्ते ने आरडीए कांप्लेक्स फूल चौक पर निर्मित दर्जनभर से ज्यादा अवैध गुमटियों को तोड़ गिराया। इसके साथ ही जयस्तंभ चौक से आमापारा चौक तक मुख्य मार्ग के दोनों ओर अभियान चलाकर 50 से अधिक ठेला गुमटियों को हटाने की कार्रवाई की।

इसमें नगर निवेशक आभाष मिश्रा, जोन 2 कमिश्नर आरके डोंगरे, जोन 4 कमिश्नर अरुण ध्रुव सहित निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़नदस्ता टीम सहित पुलिस बल की मौजूदगी रही। जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे अभियान के तहत संयुक्त टीम ने फूल चौक पर आरडीए कांप्लेक्स के पास अवैध रूप से निर्मित दर्जनभर गुमटियों को बुलडोजर चलाकर तोड़ दिया। निगम के अधिकारियों का कहना है, करीब 12 अवैध पक्की गुमटियों को वहां से हटाने नोटिस देने के बाद थ्रीडी मशीन व मजदूरों की सहायता से यातायात सुगम बनाने यह कार्रवाई की गई।

इसके साथ ही शहर के जयस्तंभ चौक से जीई मार्ग पर आमापारा चौक तक सड़क यातायात में बाधक बन रहे 50 से अधिक ठेले व गुमटियों को हटाया गया। नगर निवेशक आभाष मिश्रा ने हरिभूमि को बताया कि शहर के प्रमुख मार्गों को कब्जा मुक्त करने दो पालियों में अभियान जारी रहेगा।





- तीन जोन और निगम मुख्यालय की टीम सड़क पर उतरी
- सुगम यातायात के लिए सड़कों को कब्जा मुक्त बनाने अभियान

### छत्तीसगढ़ कालेज, सप्रे स्कूल, दानी स्कूल के पास ठेला गुमटी से तंबाकू जब्त

नगर निगम जोन 4 अमले ने अभियान चलाकर छत्तीसगढ़ कालेज, सप्रे स्कूल, दानी स्कूल, हरिनाथ एकेडमी स्कूल, डीकेएस अस्पताल परिसर के समीप ठेला गुमटियों से 5 थैला तंबाकू जब्त किया।

## फुंडहर स्कूल के पास अवैध ठेला हटाया, अमलीडीह स्कूल के पास सिगरेट, गुटखा, गुड़ाखू जब्त

नगर निगम जोन 9 की टीम ने फुंडहर के सरकारी स्कूल के पास जन शिकायत के बाद औचक निरीक्षण कर स्कूल के समीप 3 अवैध ठेलों को हटाने की कार्रवाई की। इसी तरह जोन 10 अमले ने अमलीडीह मुख्य मार्ग स्थित स्कूल के पास स्थित दुकानों से 2 कार्टून सिगरेट, 5 बोरी गुटखा और 1 बाक्स गुड़ाखू जब्त किया है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देश पर अभियान चलाकर जोन 10 की नगर निवेश टीम ने कार्रवाई की। जोन कमिश्नर राकेश शर्मा ने बताया कि अमलीडीह मुख्य मार्ग पर स्कूल के पास 9 दुकानों व पान ठेलों को लेकर जन शिकायत प्राप्त हुई थी, प्रत्यक्ष अवलोकन करने पर शिकायत सही पायी गयी।

## मेन राइजिंग लाइन डेमेज सिम प्रोवाइडर कंपनियों का केबल जब्त, 50 हजार जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजेंद्र नगर क्षेत्र में वोडाफोन, आयडिया कंपनी द्वारा गत दिनों नगर निगम की मुख्य पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इसके कारण जल प्रदाय व्यवस्था प्रभावित हुई। पाइप लाइन डेमेज होने से बड़ी मात्रा में पीने का शुद्ध पानी बिना उपयोग के सड़कों पर बह गया। शिकायत मिलने पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेश पर जोन 10 कमिश्नरी ने संबंधित कंपनी का केबल जब्त कर लिया है। साथ ही कंपनी प्रबंधक को जोन कमिश्नर ने नोटिस देकर 50 हजार रुपए का जुर्माना किया।

रिहाइशी इलाके में सिम प्रोवाइडर कंपनियों द्वारा सड़क खुदाई कर केबल डालने के दौरान नगर निगम की मेन राइजिंग लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इससे राजेंद्र नगर क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था प्रभावित हुई। इसे तत्काल संज्ञान में लेकर निगम आयुक्त के आदेश पर जोन कमिश्नर राकेश शर्मा ने उप अभियंता जल सुरेंद्र श्रीवास की उपस्थिति में राजेंद्र नगर में वोडाफोन आयडिया कंपनी का केबल जब्त कर 50 हजार रुपए की क्षतिपूर्ति का जुर्माना किया। नोटिस मिलते ही संबंधित कंपनी ने नगर निगम को 50 हजार रुपए का क्षतिपूर्ति जुर्माना अदा कर दिया।

### एक पखवाड़े के अंदर पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन के तहत तीन सौ बदमाशों की लगाई क्लास

# पहली बार रासुका की तर्ज पर एनडीपीएस के आदतन बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने पुलिस इन दिनों ऑपरेशन क्लीन चला रही है। हार्ड कोर बदमाशों की क्राइम ब्रांच में क्लास ली जा रही है। इसके साथ ही छोटे अपराध में शामिल बदमाशों की थाना स्तर पर अलग से क्लास ली जा रही है। पुलिस के अनुसार एक पखवाड़े के भीतर तीन सौ के करीब बदमाशों की क्राइम ब्रांच बुलाकर क्लास ली गई है। इसकी पुष्टि एसएसपी डॉ. संतोष सिंह ने की है।

एसएसपी के मुताबिक शहर को अपराध मुक्त करने हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिन लोगों ने ऑनलाइन साइट से आर्डर कर चाकू मंगाया है, इसकी सूची देने अलग-अलग शॉपिंग साइट कपनियों को निर्देश दिए गए हैं। सूची नहीं देने वाले शॉपिंग साइट कंपनियों के खिलाफ एसएसपी ने उचित वैधानिक कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। पुलिस अफसर के मुताबिक जिले के सभी टीआई को गश्त तेज करने के साथ बदमाशों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।






प्रोफेसर, आरएस, डीएम...ये हैं शहर के क्रिमिनल गैंग, नशे के काले कारोबार से चाकूबाजी तक

*क्राइम ब्रांच की डोजियर रिपोर्ट :* सामान्य चाकूबाजों की सूची अब तक थाना स्तर पर उपलब्ध रहती थी। एसएसपी के निर्देश पर क्राइम ब्रांच की टीम पहली बार चाकूबाजों की डोजियर रिपोर्ट तैयार कर रही है। इसके पूर्व क्राइम ब्रांच के पास चोरी, हत्या, लूट, डकैती तथा गंभीर अपराध को अंजाम देने वाले राज्य के साथ अंतराज्यीय बदमाशों की सूची रहती थी। चाकूबाजों के कारण गंभीर किस्म के अपराध घटित होने पर क्राइम ब्रांच की टीम अब चाकूबाजों की डोजियर रिपोर्ट तैयार कर रही है।

*न्यूसेंस फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई :* बदमाश मारपीट, चाकूबाजी करने के साथ अपने कृत्य का गुणगान करने सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं। पुलिस सोशल मीडिया में सक्रिय बदमाशों के खिलाफ भी कार्रवाई कर रही है। पुलिस की साइबर सेल टीम ने एक सप्ताह के भीतर सोशल मीडिया में न्यूसेंस फैलाने वाले 10 के करीब बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके खिलाफ प्रतिबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की है।

### कार्रवाई का असर देखने को मिल रहा

अपराध पर अंकुश लगाने सभी थानों के साथ क्राइम ब्रांच को निर्देश दिए गए हैं। मादक पदार्थों की अवैध खरीद फरोख्त में लिप्त रहने वाले बदमाशों के खिलाफ पहली बार पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पिछले एक पखवाड़े के भीतर क्राइम ब्रांच की टीम तीन सौ के करीब बदमाशों की क्लास ले चुकी है। पुलिस की इस तरह की कार्रवाई का असर भी देखने को मिल रहा है। - **डॉ. संतोष सिंह**, एसएसपी रायपुर

### ड्रग पैडलरों की खैर नहीं

पुलिस अफसर के अनुसार लगातार कार्रवाई के बाद भी मादक पदार्थों की अवैध खरीदी-बिक्री करने वाले ट्रैक चेंज नहीं कर मादक पदार्थों की खरीदी बिक्री में लिप्त हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अफसर के अनुसार आदतन मादक पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट 1988 की धारा 10 के तहत पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई एक तरह से रासुका की तरह है। इस मामले की सुनवाई कमिश्नर कोर्ट में होती है। कमिश्नर के आदेश पर आरोपी को बगैर सुनवाई एक साल तक जेल में रखा जा सकता है।

### एक दर्जन के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी

पुलिस अफसर के अनुसार पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत कमिश्नर महादेव कावरे की कोर्ट ने माना थाना क्षेत्र के बाबू उर्फ देंगा सरदार तथा उरला थाना क्षेत्र के बैशाखू ध्रुव को क्रमशः छह तथा तीन माह की सजा सुनाई है। पुलिस के अनुसार एक दर्जन के करीब आदतन मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री करने वाले बदमाशों के खिलाफ कमिश्नर कोर्ट में कार्रवाई की अनुशंसा की गई है।

## एम्स में रैगिंग, रात दो बजे सिर्फ टी-शर्ट पहने छात्रों को ठंड में दौड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


मेडिकल के बाद अब एम्स में रैगिंग, कमेटी को सौंपी जांच

हरिभूमि फॉलोअप

- सुप्रीम कोर्ट के जिस वकील को छात्रों ने भेजा था ईमेल, उनका खुलासा

एम्स में जूनियर छात्रों के साथ हुई रैगिंग में नया खुलासा हुआ है। छात्रों ने सुप्रीम कोर्ट की जिस वकील को ईमेल भेजा था, उनके द्वारा मामले की जानकारी देते हुए कहा गया है कि सीनियर्स द्वारा जूनियर विद्यार्थियों को कड़-कड़ाती ठंड में रात 2 बजे केवल टी-शर्ट में मैदान में घंटों खड़ा रखा गया। गौरतलब है हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत प्राप्त होने के बाद एंटी रैगिंग कमेटी द्वारा जांच नवंबर के पहले पखवाड़े में प्रारंभ कर दी गई है। गौरतलब है कि इसके पहले रायपुर के पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में जूनियर स्टूडेंट्स से रैगिंग का मामला सामने आया था। इसमें कई छात्रों को सस्पेंड किया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एम्स में एमबीबीए 2023 बैच के जूनियर स्टूडेंट्स को बंद कमरे में बुलाया गया। इसमें लड़कियां भी शामिल थीं। इसके बाद अंदर से खिड़की दरवाजे, पंखे बंद कर दिए गए। दम घुटने के कारण कई छात्राएं बेहोश हो गईं।

### प्रबंधन का इनकार

वकील मीरा कौर पटेल ने ही पूरे मामले को वीडियो के माध्यम से साझा किया है। वकील के अनुसार, उनके पास किसी अज्ञात स्टूडेंट का ई-मेल आया। जिसमें बताया गया कि, 15-16 नवंबर 2024 की रात एम्स में सामूहिक रैगिंग की गई है। इस समय एम्स का वार्षिकोत्सव ओरियाना फेस्ट चल रहा था। 14 से लेकर 17 नवंबर तक डीजे, लाइव कॉन्सर्ट समेत कई कार्यक्रम हुए। वहीं एम्स प्रबंधन का कहना है कि छात्रों ने ऐसी कोई भी शिकायत या घटना से इनकार किया है। प्रबंधन की तरफ से इस मामले में जांच की रही है।

## राइस मिल मालिकों से संवाद कर मिलरों की हड़ताल समाप्त कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राइस मिल मालिकों की हड़ताल का असर धान खरीद पर पड़ने लगा है। यही वजह है कि धान खरीद की रफ्तार बेहद सुस्त हो गई है। केंद्र प्रभारियों को डर सता रहा है कि यदि राइस मिलें शुरू नहीं हुईं तो धान उठान न होने से परेशानी बढ़ जाएगी। इसलिए केंद्र प्रभारी धान तौलने में तेजी नहीं दिखा रहे हैं।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने किसान हित में राइस मिल मालिकों से राज्य सरकार संवाद कर मिलरों की हड़ताल समाप्त कराने की मांग की है। जिससे किसान सुगमता से धान बेच सकें। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री वर्मा ने बताया कि, धान खरीदी केंद्रों में 14 नवंबर से आज तक का धान का भंडारण धान खरीदने जगह नहीं, धान खरीदी जब से शुरू हुआ है रोज नए नित समस्या से किसानों को जूझना पड़ रहा है।

### परेशान है किसान

टोकन के लिए लगातार किसान परेशान है अभी 10 नवंबर तक टोकन नहीं कट रहा है, ऑनलाइन टोटल बंद है आफ लाइन भी जगह नहीं होने के कारण नहीं काटा जा रहा है पुराना बारदाना नहीं होने से किसान धान नहीं बेच पा रहे है, वहीं दूसरी ओर मिलरों को भाड़ा एवं मिलिंग चार्ज आधा कर दिया, जिससे धान खरीदी को बाधित करना चाहती है कुल मिलाकर ये धान खरीदी केंद्र में रखे पूरा धान पुनः संग्रहण केंद्रों में स्टॉक कराना चाहते है ताकि भ्रष्टाचार कर सके।

## पेज 13 के शेष ...

### बच्चो! कांपते रहिए...

सामना करना पड़ रहा है। इन बच्चों को राहत अभी नहीं मिल पाई है। इसके विपरित सरगुजा संभाग के दो जिलों में समय में बदलाव किया गया है। सरगुजा संभाग में शीतलहर के कारण बलरामपुर और मनेंद्रगढ़ में स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। यहां सभी कक्षाएं सुबह 9 बजे के बाद ही लगेंगी। इसके पूर्व स्कूल खोले जाने पर कार्रवाई की जाएगी। शासकीय विद्यालयों के साथ ही निजी विद्यालयों को भी सख्ती के साथ दिशा-निर्देशों का पालन करने कहा गया है। मनेन्द्रगढ़ कलेक्टर डी.राहुल वेंकट द्वारा जारी किए गए निर्देश के अनुसार, पहली पाली सुबह 9 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक होगी। दूसरी पाली सोमवार से शुक्रवार तक दोपहर 12:45 बजे से शाम 4:15 बजे तक चलेगी।

**करना होगा शीतलहर का इंतजार :** राजधानी में शीतलहर अभी नहीं चल रही है, लेकिन यहां न्यूनतम पारा 14 डिग्री तक चला गया है। गुरुवार को रायपुर का न्यूनतम तापमान 14.6 डिग्री दर्ज किया गया। राजधानी में सामान्यतः दिसंबर अंत अथवा जनवरी के प्रथम पखवाड़े में कड़ाके की ठंड पड़ने अथवा शीतलहर जैसी स्थिति निर्मित होने पर ही विद्यालयों में समय-परिवर्तन किया जा रहा है। हालांकि जो स्थितियां वर्तमान में है, उसमें भी मासूमों को कांपते हुए स्कूल पहुंचना पड़ रहा है।

### एक पाली में लगने...

चपेट में है। इससे राहत के आसार आने वाले कुछ दिनों तक नहीं है। बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए समय में यह बदलाव किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर से आ रही हवा के कारण सरगुजा में कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

### फेंगल के कारण चल...

हल्की बारिश होगी। रायपुर में भी इस दारौन बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार फेंगल दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है तथा लगातार उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके और अधिक प्रबल होने की संभावना है। उसके बाद इसके लगातार उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए, श्रीलंका तट को छूते हुए तमिलनाडु तट के पास पहुंचने की संभावना है। इसे लेकर भारतीय मौसम विभाग द्वारा अलर्ट भी जारी किया जा चुका है।

### अधिकतम में कमी...

पड़ रही है। 30.6 डिग्री के साथ सर्वाधिक गर्म दंतेवाड़ा रहा। रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 1.1 डिग्री कम 28.6 डिग्री दर्ज हुआ। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.9 डिग्री कम 14.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

### लाखेनगर से बूढ़ेश्वर मंदिर...

नाली का निर्माण कराया जा रहा है। पाथवे निर्माण का कार्य 50 फीसदी पूरा कर लिया गया है। इसके साथ ही डिवाइडर में कंक्रीटीकरण और ग्रिल लगाने का काम इन दिनों चल रहा है। इसके साथ ही जीई रोड पर अनुपम गार्डन के पास नेकी की दीवार वाले हिस्से का ब्यूटीफिकेशन का कार्य कराया जाएगा। एनआईटी से डीडीनगर के गोल चौक तक लोगों की सुविधा के लिए पाथवे और मार्ग में रोशनी की व्यवस्था करने लाइटें लगाई जाएंगी।

### यातायात महासंघ ने परिवहन...

सैयद अनवर अली की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में शामिल होने रायपुर के साथ राज्य के अन्य जिलों के बस ऑरेटर पहुंचे थे। यातायात महासंघ द्वारा जारी बयान के मुताबिक गलत ढंग से परमिट जारी करने की वजह से टाइमिंग को लेकर बस ऑपरेटरों के बीच बस संचालन करने प्रतिस्पर्धा होती है। इसके कारण एक्सीडेंट होने का खतरा रहता है। साथ ही टाइमिंग को लेकर बस ऑपरेटरों में विवाद की स्थिति निर्मित होती है। संघ के नेताओं ने वेंडर पर व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटीडी) तथा नंबर प्लेट लगाने को लेकर अन्य राज्यों की तुलना में दोगुनी कीमत वसूलने का आरोप लगाया है। संघ के नेताओं ने अन्य राज्यों की समतुल्य कीमत रखने की मांग की है।

## ठेका विवाद पर पार्षद ठेकेदार के बीच जोन कार्यालय में मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडरी थाना क्षेत्र स्थित जोन कार्यालय नौ में ठेका फार्म लेने पहुंचे ठेकेदार ओम राठौर ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड के पार्षद रोहित साहू के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। पार्षद ने भी ठेकेदार के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। घटना के बाद ठेकेदार संघ भी पार्षद के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंच गया।

पुलिस के मुताबिक ठेकेदार ने पार्षद के खिलाफ आरोप लगाया है कि वह जोन कार्यालय में सड़क निर्माण करने ठेका फार्म लेने के लिए गया था। इसी दौरान पार्षद ने ओम को ठेका फार्म लेने से रोकने के लिए मारपीट की। ओम ने पुलिस को बताया है कि भावना नगर में सीसी रोड निर्माण के लिए ठेका निकला है। सीसी रोड निर्माण के लिए वह ठेका फार्म लेने के लिए गया था। इस दौरान पार्षद ने ओम के साथ मारपीट की। ठेकेदार ने सोशल मीडिया में मारपीट का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें ठेकेदार की नाक से खून बहता दिख रहा है। पार्षद ने भी अपना हाथ दिखाते हुए फोटो शेयर की है, जिसमें पार्षद के हाथ में खरोंच का लंबा कट दिख रहा है। पुलिस के अनुसार दोनों पक्षों की शिकायत की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



- दोनों पक्ष ने पंडरी थाने में एक दूसरे के खिलाफ लिखित में शिकायत दर्ज कराई

## बिजनेस साइट

### श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में संविधान दिवस मनाया गया




**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में संविधान दिवस के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत शपथ ग्रहण समारोह से हुई, जिसमें कुलपति प्रोफेसर एसके सिंह ने गणमान्य व्यक्तियों और छात्रों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि डॉ. भीम राव अंबेडकर ने आधुनिक भारत को आकार देने और स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद एक लोकतांत्रिक, न्यायपूर्ण और विनियमित राष्ट्र सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त जिला सत्र न्यायाधीश अशोक शर्मा ने भारतीय संविधान के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में विचार व्यक्त किए और बताया कि राष्ट्रपति, भारत सरकार, राज्य सरकारें और अन्य निकाय संविधान के ढांचे के भीतर किस प्रकार कार्य करते हैं। विशेष अतिथि एडवोकेट फहीम खान ने भारतीय संविधान के प्रारूपण में शामिल समिति के सदस्यों और अध्यक्षों की भूमिकाओं पर व्यावहारिक विचार साझा किए।

### सांसों का संदेश लेकर 'इजी ब्रेथ विथ एसवीएच' कार्यक्रम वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ आयोजित, 800 लोगों ने लिया भाग



**रायपुर।** श्री वेंकटेश सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने विश्व सीओपीडी दिवस के अवसर पर मरीन ड्राइव, रायपुर में एक अनोखा और महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य फेफड़ों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और सांसों की सेहत को लेकर लोगों को सजग करना था। 800 से अधिक लोगों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया, जिसमें एक साथ गुब्बारे फुलाने का विशेष आयोजन किया गया। इस प्रयास को 'गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में शामिल किया गया और यह छत्तीसगढ़ के लिए एक नया कीर्तिमान स्थापित हुआ। कार्यक्रम में एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किया गया, जहां लोगों ने अपनी सेहत जांच करवाई।

इसके साथ ही, योगा, जुम्बा और स्वास्थ्य परिचर्चा जैसी गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

## 500 जरूरतमंदों को निशुल्क कराया भोजन



**रायपुर।** फील फाउंडेशन के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर गणेश नगर खम्हारडीह में विगत दिनों निशुल्क भोजन वितरण किया गया। जिसमें 500 गरीब और जरुरतमंदों को भोजना वितरण किया गया। इसी दौरान कार्यक्रम संयोजक ब्रांच मैनेजर आकिब कुरैशी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में पुलिस हेड कांस्टेबल दीपक कुमार साहू, अखिलेश कुमार साहू, मुरली यादव, खेमराज साहू, ओमप्रकाश टंडन, उमेश साहू और नितिन विश्वकर्मा उपस्थित थे।






## सिटी इवेंट

## ट्रिपलआईटी स्टूडेंट्स ने मरीजों की सहायतार्थ किया रक्तदान



**रायपुर।** ट्रिपलआईटी में एनएसएस और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी ब्लड सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 33 यूनिट रक्तदान किया गया। प्रत्येक दानदाता के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसमें ट्रिपलआईटी के विद्यार्थियों एवं प्रोफेसर ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान के महत्व एवं रक्तदान के पश्चात अन्य व्यक्तियों को होने वाले लाभ की जानकारी दी गई। जिसमें सड़क दुर्घटना, प्रेग्नेंसी, सिकलसेल, कैंसर जैसे अनेक बीमारियों में खून की आवश्यकता की जानकारी दी गई।

### शिविर में 33 यूनिट रक्तदान

युवाओं में रक्तदान के प्रति जागरुकता लाने के मुख्य उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां कई विद्यार्थियों ने पहली बार रक्तदान किया। वहीं ट्रिपलआईटी के स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर के अध्यक्ष डॉ. लखिंदर मुर्मू ने कहा, रक्तदाता हमेशा जीवन रक्षक कहलाता है। रक्तदान से किसी व्यक्ति को नया जीवन दिया जाता है। वर्तमान में युवाओं को रक्तदान संबंधित जानकारी होना आवश्यक है। एक दिवसीय कार्यक्रम में ब्लड सेंटर से डॉ. कृष्णानंद विश्वकर्मा उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने टीम के साथ शिविर में सहयोग प्रदान किया।

## लाइव इवेंट

## कई तरीकों से हो सकती है हिंदी टाइपिंग, इसे अपनाएं



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में राजभाषा समिति ने हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया। इस एक दिवसीय कार्यशाला में हिंदी भाषा के महत्व पर जोर दिया गया। इस दौरान एनआईटी के विद्यार्थियों को हिन्दी भाषा के प्रयोग एवं अनेक प्रशासनिक कार्यों में भाषा की उपयोगिता की जानकारी दी गई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रुप में अनुवादक अधिकारी भूपेन्द्र पांडे उपस्थित रहे। कार्यशाला का उद्देश्य हिंदी भाषा का महत्व समझाना और यूनिकोड पर कार्य करने संबंधी जानकारी प्रदान करना था। इस कार्यशाला का आयोजन राजभाषा समिति के प्रभारी डॉ.सपन मोहन सैनी के मार्गदर्शन में किया गया।

### वेबसाइट की ले सकते हैं मदद

भूपेंद्र पांडे ने हिंदी टाइपिंग पर एक प्रेजेंटेशन प्रस्तुत करते हुए हिंदी तथा अन्य भाषाओं में टाइप करने के अनेक तरीकों का वर्णन किया। उन्होंने यूनिकोड के प्रयोगों से सभी सदस्यों को परिचित कराया। हिंदी में रुचि रखने वाले छात्रों की सहायता के लिए उन्होंने वेबसाइट के विषय में भी बताया। फोनेटिक कीबोर्ड, चैट जीपीटी तथा गूगल ट्रांसलेटर की सहायता से कंप्यूटर में कैसे आसानी से हिंदी भाषा में लिखा जा सकता है, इसके बारे में उन्होंने विस्तार से जानकारी दी। समापन पर विद्यार्थियों से फीडबैक भी लिया गया।

## कैंपस इवेंट

## साझा की प्रेरणादायी कहानियां छात्रों को राष्ट्रनिर्माण की सीख



**रायपुर।** सेजबहार स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में बाल दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन रोटरी क्लब नार्थ द्वारा किया गया, इस अवसर पर शाला के विद्यार्थियों को बाल दिवस के महत्व को समझाया गया। साथ ही देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरु के जीवन से संबंधित कई प्रेरणादायी कहानियों को साझा किया गया। इसमें राष्ट्र के स्वाधीनता आंदोलन के बलिदान को याद करते हुए उनके योगदान संबंधित जानकारी साझा की गई। इसके जरिए छात्रों को राष्ट्र निर्माण में सहयोग की प्रेरणा दी गई।


### संस्था करेगी पढ़ाई में सहयोग

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भाषा संबंधित रोचक प्रश्नोत्तरी में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। बाल दिवस के अवसर पर क्लब के सदस्यों द्वारा लॉउडस्पीकर और फर्नीचर देने की घोषणा की गई, जिससे पढ़ाई संबंधित विद्यार्थियों को सहयोग किया जा सके। आयोजन के अंत में सदस्यों और विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रुप से गीत गायन किया गया। क्लब के प्रेसीडेन्ट नवीन शर्मा, उपाध्यक्ष श्याम सुंदर खंगन, अशोक श्रीवास्तव, लोकेश चन्द्राकर, सुनील वाधवा, आकाश लुनिया, नरेन्द्र सिन्हा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## टॉपर्स ने परिणाम आने के बाद देर रात हरिभूमि संग साझा की अपनी यात्रा

# खेती-किसानी कर सींचा 'प्रशासनिक सपने' को

***रायपुर।** पीएससी मुख्य सेवा परीक्षा-2023 के परिणामों की खास बात इस बार यह रही कि चयनित हुए अधिकतर उम्मीदवार मध्यमवर्गीय परिवार से हैं। शीर्ष-10 में स्थान बनाने वाले अधिकतर अभ्यर्थी पहले से ही किसी ना किसी शासकीय पद पर हैं। वर्तमान पद से संतुष्ट नहीं होने के कारण उन्होंने अपनी तैयारी जारी रखी और अंततः लक्ष्य हासिल कर लिया। इनमें से किसान परिवार से हैं और खेती-किसानी में अपने माता-पिता का सहयोग भी करते रहे। परिणाम आने के बाद टॉपर्स ने देर रात हरिभूमि संग चर्चा में अपनी यात्रा साझा की।*



### किसान के बेटे को आठवीं बार में सफलता

मूलतः तिल्दा के छपोरा निवासी पुनित राम वर्मा वर्तमान में दुर्ग जिले में भू-अभिलेख विभाग में सहायक अधीक्षक के रूप में पदस्थ हैं। उन्होंने बताया कि गांव में माता-पिता खेती-किसानी से जुड़े हैं। मैंने इस परीक्षा को पास करने के लिए आठवीं बार प्रयास किया, तब मुझे सफलता मिली। इससे पहले हर बार इंटरव्यू तक पहुंचा, तीन बार सलेक्शन भी हुआ। लेकिन रैंक बेहतर नहीं होने से मंजिल दूर रह जाती थी। इस बार अच्छे रैंक के साथ परीक्षा पास करने में सफलता मिली है। मुझे जब पहली बार असफलता मिली, उस दिन ही निर्णय किया था, कि जब तक लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर लेता, तब तक इसके लिए प्रयास करता रहूंगा। चाहे कितनी ही बार असफलता का सामना क्यों न करना पड़े। अंततः सफलता के साथ अब मंजिल तक पहुंचने का अवसर मिला। अब भी अगले पड़ाव के लिए तैयारी करना बाकी है।

### किसान की बेटी ने बाजी मारी बोलीं-मेहनत से सब संभव



नवागांव लोरमी निवासी किरण राजपूत को दूसरी बार प्रयास करने पर टॉप टेन में स्थान मिला। उन्होंने बताया कि 2021 में ही मन बना लिया था, कि मुझे प्रशासनिक सेवा में जाना है। इसके लिए तैयारी करके 2022 में पहली बार परीक्षा का हिस्सा बनी। तब पता चला कि लक्ष्य को पाने के लिए सिर्फ पास होने से काम नहीं चलेगा, इसके लिए मुझे अच्छा रैंक लाना होगा। पिता को खेती-किसानी में दिनभर मेहनत करते देखकर हिम्मत मिली। मम्मी एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका हैं, उनसे भी गाइडेंस मिलता था। उन्होंने कोचिंग शुरू करवाई तब पता चला कि पहली बार के प्रयास में किस तरह की कमी रह गई थी। इस बार अच्छी रैंक के साथ सफलता मिलने की खुशी है। जो युवा अभी तैयारी कर रहे हैं, उन्हें सिर्फ इतना कहूंगी कि मेहनत से सब संभव है। लक्ष्य को हासिल करने के लिए तैयारी पर फोकस करें।

### वित्त सेवा अधिकारी से लेकर डीएसपी पद पर चयन, लेकिन जुनून था डिप्टी कलेक्टर



बिलासपुर की रहने वाली मृणमयी शुक्ला को दूसरा स्थान हासिल हुआ है। यह उनका छठवां प्रयास था। 2016 में उनका चयन लेखा सेवा में हुआ था। इसके बाद 2018 में उनका चयन राज्य वित्त सेवा में हुआ। इस दौरान भी उन्हें राज्य में छठवां रैंक ही हासिल हुआ था। इसके बाद 2021 में उनका चयन डीएसपी पद पर हुआ। वे अलॉटमेंट का इंतजार कर ही रही थीं कि उनका चयन 2023 की पीएससी मुख्य सेवा परीक्षा में डिप्टी कलेक्टर पद पर हो गया। उनके पिता हरवंश सीएसईबी से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। वहीं मां सुशीला गृहणी हैं। जगदलपुर के शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय से इंजीनियरिंग की डिग्री लेने के बाद मृणमयी ने प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी शुरू कर दी थी। शुरुआती चयन के बाद वे नौकरी के साथ-साथ पढ़ाई करती रहीं। बकौल मृणमयी, जनता से सीधे जुड़ने का मौका मिल सके, इसलिए डिप्टी कलेक्टर का पद उनका जुनून बन चुका था। नौकरी के वक्त पढ़ाई करने के लिए अधिक समय नहीं मिलता था, लेकिन साथ में हमेशा किताब रखती थीं, ताकि जब भी मौका मिले तैयारी कर सकें।

### खेत में काम करते खुद से किया वादा-कल बेहतर करूंगा



दुर्ग जिले के नगपुरा निवासी उत्तम महोबिया ने राज्य की सर्वोच्च परीक्षा को पास करने के बाद बताया कि पहले तीन बार का प्रयास बेकार गया। पिताजी हमारे बीच नहीं रहे, इसलिए मम्मी ने खेती-किसानी करके मुझे परीक्षा की तैयारी करवाई। दो बड़ी बहनों की शादी हो गई है। घर की जिम्मेदारी मम्मी और मेरे जिम्मे है। चौथी बार प्रयास करने में किसी प्रकार की कसर नहीं की, इसका रिजल्ट भी सामने आया। 2021 और 2022 में इंटरव्यू तक पहुंचा था। इस बार रैंक भी ठीक आया है, इसलिए खुशी के साथ खुद का आत्मविश्वास बढ़ा है। पढ़ाई के साथ मम्मी का खेती-किसानी में भी सहयोग करता था। काम करते समय सिर्फ एक बात मन में होती थी, जो स्थिति मेरे सामने हैं उसे अपनी मेहनत से ही बेहतर करूंगा। इसके लिए लक्ष्य तय किया।

### खुद पर भरोसा ही एकमात्र सूत्र



महासमुंद के बसना क्षेत्र की नंदिनी साहू ने बिलासपुर में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की। उन्होंने बताया कि घर में आर्थिक दिक्कत जैसी कोई बात नहीं रही। पिता शिक्षक थे, वे हमारे बीच नहीं रहे। मेरी बड़ी बहनें सरकारी सेवा में हैं। एक छोटा भाई है, जो गांव में रहता है। मैंने इससे पहले दो बार इस परीक्षा को पास करने के लिए प्रयास किया। लेकिन दोनों ही बार इंटरव्यू तक ही पहुंच सकी। आगे सफलता नहीं मिल पाई, क्योंकि रैंक बेहतर नहीं था। खुद पर भरोसा किया और एक बार फिर लक्ष्य को हासिल करने के लिए नई ऊर्जा के साथ मेहनत शुरू की। इस बार उन सभी कमियों को दूर करने का प्रयास किया, जो पूर्व में अच्छे रैंक तक पहुंचने में रोड़ा बन रही थी। तीसरी बार के प्रयास में अच्छे रैंक के साथ परीक्षा उत्तीर्ण करने में सफलता मिली। अब इंटरव्यू के लिए तैयारी करने में फोकस करूंगी।

### इंटरव्यू के कुछ घंटे बाद ही चयन



सातवें स्थान पर रहने वाले दिव्यांश सिंह चौहान पेंड्रा के रहने वाले हैं। उनका साक्षात्कार गुरुवार को ही समाप्त हुआ और इसके कुछ घंटे बाद ही उन्हें सूचना मिली की उनका चयन हो गया है। यह उनका तीसरा प्रयास था। अपने दो प्रयासों में वे इंटरव्यू तक पहुंचने में कामयाब रहे थे, लेकिन सफल नहीं हो सके। अंततः पीएससी क्लियर करने के बाद उनके घर में खुशी का माहौल है। उनके पिता दिनेश सिंह चौहान और माता गीता, दोनों ही शासकीय शिक्षक हैं। दिव्यांश ने बताया कि जब उनके पैरेंट्स के स्कूल में वार्षिकोत्सव सहित अन्य आयोजन होते थे तो मुख्य अतिथि के रूप में सामान्यतः प्रशासनिक अधिकारी ही आया करते थे। उनकी बातें पैरेंट्स बताया करते थे। इसके बाद इस क्षेत्र में जाने की इच्छा हुई। राजधानी के एक निजी कॉलेज से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद राजनीति शास्त्र में एमए किया। यूपीएससी की तैयारियों के सवाल में उन्होंने कहा कि फिलहाल वे इस सफलता को इंजॉय कर रहे हैं। आगे सेवा करना ही एकमात्र उद्देश्य है।

## फिल्म फेस्ट में 25 देशों की मूवी की जाएगी शामिल, विद्यार्थियों को मिलेगा खास डिस्काउंट

**रायपुर।** रायपुर आर्ट, लिटरेचर एंड फिल्म फेस्टिवल 2024 के लिए पंजीयन शुरू हो गया है। कला, साहित्य और सिनेमा के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाने वाला यह फेस्टिवल इस बार कई नई और खास पहल के साथ प्रस्तुत हो रहा है। इस बार 25 देशों की फिल्मों को इसमें शामिल करेंगे। शॉर्ट फिल्म प्रतियोगिता के लिए भी पंजीयन शुरू हो गया है। फिल्मों की एंट्री जमा करने की अंतिम तिथि 25 दिसंबर तय की गई है। चयनित फिल्मों की घोषणा 10 जनवरी को होगी। पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में सभी आयोजन होंगे। वहीं अवार्ड सेरेमनी रायपुर के एक निजी होटल में 8-9 फरवरी को होगा। इसके लिए अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।



**सामाजिक फिल्में होंगी पुरस्कृत :** कार्यक्रम निदेशक कुणाल शुक्ला ने पत्रकार वार्ता में बताया कि फिल्म फेस्टिवल के लिए तैयारी शुरू की गई है। मनोज वर्मा, अनिरुद्ध दुबे और रॉकी दासवानी ने बताया कि इसमें विजेताओं को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी के साथ नगद पुरस्कार से भी सम्मानित करेंगे। इसके अलावा समाज को समर्पित फिल्मों को पहचान देने के लिए सर्वश्रेष्ठ सामाजिक फिल्म का पुरस्कार भी देंगे। संयोजिका प्रीति उपाध्याय ने बताया, शॉर्ट फिल्मों का प्रतियोगिता में पंजीयन कराने एक हजार का शुल्क तय है। विद्यार्थियों को स्पेशल कूपन कोड उपलब्ध होगा। इससे वे रियायती दरों पर प्रविष्टियां जमा कर सकेंगे। 10 दिसंबर तक पंजीयन्न कराने पर अर्ली बर्ड डिस्काउंट मिलेगा। अंतर्राष्ट्रीय फिल्म प्लेटफॉर्म **www.filmfreeway.com** पर पंजीयन होगा। डिस्काउंट कोड के साथ फिल्म फेस्टिवल से जुड़ी अपडेट्स के लिए **www.ralff.in** का अवलोकन कर सकते है।

## जनजाति समाज सांस्कृतिक रूप से समृद्ध, उनके हृदय में बसे हैं राम

**रायपुर।** जनजातीय समाज का इतिहास धरती पर मनुष्य के पहले पदचाप के साथ जुड़ा हुआ है। जनजातीय संस्कृति ने भगवान श्रीराम को अपने हृदय में बसा रखा है। भगवान राम ने छत्तीसगढ़ में ही वनवास बिताया, यहीं पर उन्होंने माता शबरी के जूठे बेर खाए। जनजातीय अस्मिता का प्रश्न भारत की सनातन परंपरा की अस्मिता से जुड़ा हुआ प्रश्न है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में जनजातीय अस्मिता, अस्तित्व और विकास विषय पर आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि आज जनजातीय समुदाय की हमारी बहन द्रौपदी मुर्मु भारत के सर्वोच्च पद पर आसीन हैं।



### कुप्रथाओं का मुखर विरोध

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जनजाति समाज सांस्कृतिक रूप से समृद्ध समाज है। यह समाज कुप्रथाओं का मुखर विरोध करता है। भारत की संस्कृति और देश की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए जनजातीय जननायकों के योगदान को याद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर पूरे देश में 13 से 15 नवम्बर तक जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। मुख्यमंत्री ने जनजातीय समाज की परंपराओं, संस्कृति रीति-रिवाज, तीज-त्यौहार और शासन द्वारा जनजातीय उत्थान के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की।

## अंतर महाविद्यालयीन स्पर्धा का समापन, विजेता जाएंगे बेंगलुरू

कार्नर न्यूज

# आठ घंटे तक चली एकांकी, मोबाइल बनकर बताया-कैसे हो रही है साइबर ठगी, धर्म का मूल तत्व समझाने रोचक प्रयास

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतर-महाविद्यालयीन युवा उत्सव का गुरुवार को समापन हुआ। युवा उत्सव सह चयन स्पर्धा के अंतिम दिन थियेटर विधा के अंतर्गत वन एक्ट प्ले (एकांकी) का आयोजन हुआ। इसके लिए रविवि से संबद्ध महाविद्यालयों की 40 टीमों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। प्रत्येक टीम को 10 मिनट का समय दिया गया। इसमें से 5 मिनट मंच सेटअप के लिए तथा 5 मिनट एक्ट प्ले के लिए दिया गया। इस तरह से 400 मिनट का समय प्रतिभागियों को रविवि ने दिया। लंच ब्रेक सहित अन्य चीजों को मिलाकर को लगभग 8 घंटे तक एकांकी चली।







### 19 दिसंबर से साउथ ईस्ट जोन स्पर्धा

26 से 28 नवंबर तक 15 विधाओं में आयोजित अंतर-महाविद्यालयीन युवा-उत्सव प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान पाने वाले प्रतिभागी को साउथ ईस्ट जोन अंतर-विश्वविद्यालयीन युवा उत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली के तत्वावधान में 38वें साउथ ईस्ट जोन अंतर-विश्वविद्यालयीन युवा उत्सव 19 से 23 दिसंबर तक क्राइस्ट विश्वविद्यालय बेंगलुरू, कर्नाटक में आयोजित होगा।

खास बात यह रही कि इतना लंबा आयोजन होने के बाद भी छात्र और प्राध्यापक शुरुआत से लेकर अंत तक अपनी जगहों पर जमे रहे। एकांकी के लिए छात्रों द्वारा चुने गए विषय अत्यंत रोचक रहे। कई एक्ट में हास्य रस की प्रधानता रही तो कई एक्ट में दर्शक भावुक हो उठे। अभियन कला का सुंदर परिचय छात्रों द्वारा इन प्रस्तुतियों में दिया गया।



### इंसान को सिर्फ इंसान रहना है

एक नाटक के जरिए बताया गया कि किस तरह से विभिन्न धर्मगुरू लोगों को अपने धर्म की ओर खींचने का प्रयत्न करते हैं। सभी उसे अपने धर्म का अनुनायी बनाना चाहते हैं, लेकिन वह मात्र इंसान बने रहना चाहता है। एक अन्य एक्ट में मोबाइल बने छात्रों ने बताया कि किसी तरह से लोग साइबर ठगी को अंजाम देते हैं। लोगों को हंसाने के साथ ही जागरूक करने का कार्य भी इसके माध्यम से किया गया।

### परिचर्चा में बताया, कैसा हो सपनों का भारत

परिचर्चा प्रतियोगिता के अंतर्गत मेरे सपनों का विकसित भारत विषय पर प्रतिस्पर्धा संपन्न हुई। इसमें छात्रों ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाए जाने के लिए किए जा सकने वाली कोशिशों, अपनी भागीदारी, चुनौतियों तथा अन्य बिंदुओं पर अपने विचार रखे। इसमें छात्रों की संवाद शैली देखने मिली।

सिटी लाइव

## जैन समाज में अब नहीं होगा मृत्य भोज, बदलाव का निर्णय



**रायपुर।** जन्म व मृत्यु शास्वत सत्य है और इनके बीच की जीवनशैली में समय-समय पर बदलाव होते रहना चाहिए। हमारे जीवन में सामाजिक रीति-रिवाजों का महत्वपूर्ण स्थान है। सामाजिक जीवन में मृत्यु के बाद अनेक रीतिरिवाज प्रचलित हैं। कालांतर के रिवाजों में अनेक ने वर्तमान समय में कुरीतियों का रूप धारण कर लिया है, जिनमें बदलाव जरूरी है। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेंद्र कोचर और विजय चोपड़ा ने कहा कि, मृतक के अंतिम संस्कार के बाद अनेक प्रचलित रीति-रिवाज़ हैं जो की बोझिल और आज के समय में अप्रासंगिक हैं, जैसे 13 दिन की शोक बैठक, लंबे शांति मिलन, सिखबाड़ी व मृत्यु भोज इत्यादि। अनेक शोकाकुल परिवारों, रिश्तेदारों व परिचितों समाजजनों से जैन संवेदना ट्रस्ट ने विस्तृत चर्चा व विचार-विमर्श कर गाइडलाइन जारी की है। उन्होंने आगे कहा कि, सभी प्रकार के शोक गीतों, बच्चों की अभिव्यक्ति पर रोक लगाई गई है। टोपी पल्ला बदलना आदि सामाजिक रिवाज श्रद्धांजलि के बाद पारिवारिक लोगों के मध्य अथवा निवास पर किया जाएगा।

### 13 नहीं, तीन दिन का शोक

पुष्प की पंखुड़ियों के बदले मोटे अनाज यथा अक्षत, बाजरा आदि से श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी, जिसका उपयोग पक्षियों के आहार रूप में किया जा सकें। शोक मिलन के अवसर पर परिवार द्वारा सीख मिठाई व अन्य सामग्री का थैला देना प्रतिबंधित किया गया है। केवल घर की बेटियों को दिया जा सकता है। अंतिम संस्कार बाद केवल 2-3 दिन ही निवास पर शोक बैठक रखने का निर्णय लिया गया है। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि मृत्यु के बाद होने वाले क्रियाकांडों के सभी पहलुओं पर समाज में अनेक लोगों से विचार-विमर्श किया गया, लोगों ने जैन संवेदना ट्रस्ट के मुहिम की सराहना की व सकारात्मक अभिव्यक्ति प्रदान की है।

आराधना

## रायपुर में जुटेंगे 65 गोदड़ीवाला धामों के श्रद्धालु और भक्त



**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोवड़ीवाला धाम में तीन दिवसीय 8 से 10 दिसंबर तक संत बाबा गेलाराम साहेब का 16वां वर्षी महोत्सव मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारी समाज के लोगों ने जोरो से किया जा रहा है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के 11 धामों के अलावा भारतवर्ष के 65 गोदड़ीवाला धामों से श्रद्धालु व बाबा भक्त आएंगे। यह जानकारी दरबार के सेवादारी अमर गिदवानी, पवन प्रीतवानी, सतीश धौरानी, हरि ईसरानी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम गोदड़ीवाले संत बाबा हरदासराम साहेब, जलगांव साहेब के महंत साई देवीदास और देवपुरी धाम की महंत अम्मा मीरादेवी के सानिध्य में होगा।भजन मंडली में डॉ. मनमोहन कृष्ण, बाबल प्यारो जलगांव वारो नाटक की प्रस्तुति, नारी शक्ति नाटक जलगांव साहेब, विनोद चावला एंड पार्टी चक्करभाठा, बाबा बालक मंडली जलगांव साहेब, रामगढ़ एवं भाटापारा, गोदड़ीवाला धाम महिला मंडल देवपुरी रामपुर व भाठापारा इसके अलावा गोदड़ी वाला प्राथमिक शाला देवपुरी द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा।

### तीन दिवसीय वर्षी महोत्सव 8 से

निशुल्क नेत्र शिविर व ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन भी होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में साई राजेश लाल साहेब, साई युधिष्ठिर लाल साहेब, साई चाण्डूराम साहेब, साई नितीन कुमार साहेब, साई कमल कुमार साहेब, सांई दादा फकीराराम साहेब, छत्तीसगढ़ सिंधी साधु समाज के समस्त संतजन, साई कृष्णदास उदासी चक्करभाठा, साई रामचंद वाचवा, स्वामी हरिगिरी महाराज सेना समिति, भाई चोईथराम सहित धमतरी व रायपुर के सभी दरबारों को आमंत्रित किया गया है।

सिटी लाइव

## बिरंचीनारायण में नए वस्त्रों से हुआ भव्य श्रृंगार, सजाई रंगोली



**रायपुर।** साल के अगहन माह को माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु की आराधना के लिए पवित्र माना जाता है। इस व्रत नियम का पालन भी हर साल राजधानी की हजारों उपासक महिलाएं करती हैं। इनके द्वारा अगहन माह के दूसरे बृहस्पति वार को सूर्योदय के पहले ब्रह्म मुहूर्त में और फिर दोपहर और शाम को विधि-विधान से पूजा-अर्चना का विधान परिवार के साथ किया गया। इस खास मौके पर मंदिरों में ब्रह्म मुहूर्त में पूजा-अर्चना के चलते मंत्रोच्चार की गूंज रही। पुरोहितों ने यजमानों के सहयोग से मंदिर परिसर में रंगोली सजाने के साथ लक्ष्मी व भगवान नारायण का विशेष श्रृंगार किया। वहीं व्रतधारी महिलाओं ने घरों में विधि-विधान से माता लक्ष्मी और नारायण की पूजा विधिवत की।

***एक दिन पहले ही खरीदी :*** अगहन मास में बृहस्पतिवार का व्रत रखने वाले इस दिन पैसों का लेन-देन नहीं करते हैं। कमल पुष्प से माता लक्ष्मी और नारायण का श्रृंगार किया जाता है। ऐसे में बुधवार देर शाम ही लोगों ने पूजन सामग्री की खरीदी कर ली थी। इसलिए गुरुवार को पूजन सामग्री का बाजार नहीं सजाया गया।

### आराधना करने पहुंची महिलाएं

महंत देवदास ने बताया कि ब्रह्मपुरी स्थित बिरंचीनारायण एवं नरसिंह नाथ मंदिर में हर गुरुवार को विशेष श्रृंगार करने का नियम है। इस महीने में हर बृहस्पति वार को नए वस्त्र अर्पित करने के साथ ही विधि-विधान से पूजा की जाती है। भोला प्रसाद दुबे ने बताया कि सुबह माता लक्ष्मी और भगवान नारायण का मंत्रोच्चार के साथ विशेष श्रृंगार किया गया। महामाया मंदिर के पुजारी पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि माता लक्ष्मी की आराधना अगहन बृहस्पति के दिन ब्रह्म मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गई। पूजा-अर्चना से पहले श्रृंगार भी किया गया।

● पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू के बयान पर आयुर्वेद, वैद्यराज व एलोपैथी चिकित्सकों ने लोगों को सजग करने दिए तर्क

गंभीर बीमारी उतनी ही गंभीर बहस

# कैंसर ... अपनी पैथी, अपनी दवा, आयुर्वेद से मिलेगी राहत, पर जड़ से जुदा करेगी एलोपैथी ही

वर्षों पहले कैंसर को असाध्य बीमारी के रूप में देखा जाता था। समय के साथ आयुर्वेद पीड़ितों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ रिकवरी में भी कारगर होने लगा। वहीं वैद्यराज की जड़ी-बुटियां भी इस बीमारी से ग्रस्त रोगी को ठीक करने में सहयोगी है, लेकिन एलोपैथी इलाज से ही असाध्य बीमारी कैंसर से जीवन बचा सकते हैं।



**रायपुर।** इसके लिए सर्जरी, क्रीमी एवं रेडियोथैरेपी की अनिवार्य है। इसके बिना किसी कैंसर पीड़ित का इलाज संभव नहीं है। यह कहना है शहर के कैंसर विशेषज्ञों, आयुर्वेदिक चिकित्सकों और पद्मश्री वैद्यराज हेमचंद मांझी का, वे मानते हैं कि रोगी के रिकवरी में आयुर्वेद और वैद्य की जड़ी-बुटियां उपयोगी हैं।

### आगे बढ़ा सकते हैं रोगी का जीवन चक्र

आयुर्वेदिक कॉलेज में मेडिशिन विभाग के विशेषज्ञ डॉ. सीपी सिन्हा ने बताया, आयुर्वेद में अरर्बूद के नाम से असाध्य कहे जाने वाले कैंसर रोग का जिक्र मिलता है। इसमें बताया गया है कि आयुर्वेद के माध्यम से ऐसे रोगी के जीवन चक्र को आगे बढ़ाया जा सकता है, यानी जिसे एलोपैथी ट्रीटमेंट दे रहे चिकित्सक जवाब दे देते हैं। ऐसे रोगी में रोग-प्रतिरोधक क्षमता अधिक होने पर जड़ी-बुटियों के प्रभाव से रोगी के जीवक चक्र को आगे बढ़ा सकते हैं। लेकिन कैंसर जैसी बीमारी का इलाज पूरी तरह से हो जाएगा, इसका आयुर्वेद में कोई वर्णन नहीं मिलता है। एलोपैथी इलाज के दौरान जिसे थर्ड और फोर्थ स्टेज बताकर लौटा दिया जाता है, गहरे घाव नहीं भरते और कीमो की वजह से बाल झड़ जाते हैं, उसे किसी हद तक ठीक किया जा सकता है।



### कैंसर के इलाज में सर्जरी व थैरेपी जरूरी

आंबेडकर अस्पताल की प्रोफेसर एवं कैंसर विभाग की एचओडी डॉ. मंजूला बेग ने बताया कि सिद्धू के बयान और उनकी धर्मपत्नी की कैंसर से रिकवरी दोनों में ही ट्रीटमेंट का जिक्र है। उनके द्वारा भी सर्जरी करवाने के साथ ही क्रीमी और रेडियोथैरेपी भी करवाई गई थी। इसे कैंसर के इलाज की प्राथमिक कड़ी के रूप में देखा जाता है। इसके बाद जड़ी-बुटियों और आयुर्वेद का सहारा लेकर वे संभव है, जल्दी रिकवर कर पाई होंगी। लेकिन पूरी तरह से जड़ी-बूटी और आयुर्वेद के साथ बेहतर डाइट से कैंसर जैसी बीमारी का इलाज अभी तक तो संभव नहीं हुआ है। जड़ी-बूटी से रोगी किसी हद तक कमजोरी और रोग प्रतिरोधक क्षमता के स्तर को बेहतर करके जल्दी ठीक हो सकता है, लेकिन पूरी तरह से इलाज होना असंभव ही है।

### रिकवरी में डाइट और आयुर्वेद कारगर

आंबेडकर अस्पताल में कैंसर विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राजीव जैन कहते हैं कि नवजोत सिंह सिद्धू थोड़े भावुक व्यक्ति हैं। उन्होंने खुद बताया है कि उनकी पत्नी की सर्जरी भी हुई, कीमो के साथ रेडियो थैरेपी भी करवाई थी। इससे किसी भी कैंसर रोगी को बहुत हद तक राहत मिलने की संभावना बनती है। संभव है कि बीमारी की वजह से जो कमजोरी की समस्या रही होगी या बाल झड़ने जैसे दूसरी समस्याओं से रिकवरी में जड़ी-बुटियों व डाइट से कुछ सीमा तक मदद मिली होगी। आयुर्वेद के तहत दी जाने वाली औषधियों से भी इससे कुछ हद तक फायदा मिलता है। उनका मामला भी कुछ इस तरह का ही है। अंतिम सत्य के रूप में इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है। कैंसर की समय पर पहचान और इलाज से ही मरीज का जीवन बचा सकते हैं।

### जड़ी-बुटियों से कैंसर का इलाज संभव

नारायणपुर के छोटा डोंगरी निवासी पद्मश्री हेमचंद मांझी को लोग वैद्यराज के नाम से जानते हैं। उनसे जब बात की गई, तो उन्होंने बताया कि मेरे पास देशभर से 50 से 60 मरीज रोज आते हैं। इनमें 8 से 10 लोग कैंसर पीड़ित होते हैं। उनको एलोपैथी चिकित्सक थर्ड व फोर्थ स्टेज में होना बताकर भी वापस लौटा देते हैं। ऐसे रोगियों का इलाज भी जंगली जड़ी-बुटियों से किया जाता है। मरीजों का नाम पूछने पर कहने लगे, उनका नाम बता पाना संभव ही नहीं है। लेकिन जितने भी रोगी कैंसर की पीड़ा लेकर आते हैं, वे जब भी दवा के लिए आते हैं, तब रोग से राहत मिलने की जानकारी देकर जाते हैं। उनसे मिलने वाली जानकारी के आधार पर कह सकता हूं, कि जड़ी-बुटियों की पहचान करके अगर इनका उपयोग करें, तो कैंसर को भी हराया जा सकता है।

कलश यात्रा से स्वर्णोत्सव का आगाज, अनुष्ठान संग शाम को भरतनाट्यम

## लोग भूल रहे हैं धर्म द्वारा बताए गए आचरण युवा पीढ़ी को ऋषियों के उपदेशों का हो ज्ञान

रायपुर। शहर के सन्यासी पारा स्थित श्री ललिता देवी मंदिर में स्वर्णोत्सव के चलते उत्सव का माहौल रहा। इसके लिए श्री सीताराम सेवा समिति असंगानंद आश्रम से जुड़े संत-महंतों की अगुवाई में सुबह से ही उत्सव की तैयारी शुरू की गई। दोपहर तीन बजे तय समय से भी पहले आस्थावान महिलाएं ललिता देवी मंदिर पहुंची। पूजा-अर्चना के बाद भक्तिभाव से बग्घी पर सवार संत-महंतों के सानिध्य में 175 से ज्यादा महिलाएं कलश धारण करके भव्य शोभायात्रा में शामिल हुईं। धार्मिक गीतों से सजे साउंड सिस्टम के साथ महिलाएं डांडिया करते सबसे आगे चल रही थी। इनके पीछे कलश धारक किए महिला भक्तों की टोली और फिर संत-महंतो का काफिला आकर्षण का केन्द्र भी रहा। हैदराबाद के संपूर्णानंदगिरी स्वामी, करीमनगर के विष्णुसेवानंदगिरी स्वामी के साथ ही शंकराचार्य आश्रम रायपुर के डॉ. इंदूभवानंद महाराज रथ पर सवार होकर भव्य शोभायात्रा में शामिल हुए। यात्रा सन्यासी पारा स्थित मंदिर से होते हुए खमतराई बाजार पहुंची। जीटी कॉम्प्लेक्स से मुड़कर विभिन्न गलियों से होते हुए कलश धारण करके चल रही महिलाएं मंदिर पहुंची। जहां मंत्रोच्चार व पूजा-अर्चना के साथ स्वर्णोत्सव का आगाज हुआ। इसकी बागडोर आश्रम के सेवक परिवारों ने संभाली। वहीं अनंता स्वामी, मोहन नायडू, टी. राव ने भी व्यवस्था बनाने में सहयोग दिया।





### आज से शुरू होगा पूजा व प्रवचन

मंदिर में शुक्रवार यानी 29 नवंबर को सुबह 6.30 बजे सौभाग्य लक्ष्मी पूर्णकलश स्थापना से पूजा का शुभारंभ होगा। सुबह 9 बजे गीता पाठ और इसके बाद सुबह 10 से दोपहर 01 बजे तक संत-महंतों द्वारा समाज को नई दिशा देने और सनातन धर्म का पालन किस तरह से करना चाहिए, इसको लेकर प्रवचन भी दिया जाएगा। दोपहर 2 से शाम 4.30 बजे तक भजन, प्रवचन के बाद शाम को भरत नाट्यम की प्रस्तुति दी जाएगी। यह क्रम एक दिसंबर तक चलेगा। इसके लिए व्यवस्था बनाने के लिए मंदिर से जुड़े लोगों को जिम्मेदारी का विभाजन किया गया है।

### पढ़ाएंगे धर्म और आचरण का पाठ

गीता मंदिर सन्यास मठ करीमनगर से आए विष्णुसेवानंदगिरी स्वामी ने बताया कि सनानत धर्म की रक्षा और इसमें बताए गए आचरण को धीरे-धीरे लोग भूल रहे हैं। ऐसे में धार्मिक आयोजनों और धर्म सभाओं के माध्यम से सनातन धर्मी समाज को घर-परिवार के बीच आपका आचरण कैसा होना चाहिए, गुरुओं और संत-महंतों का जीवन में क्या महत्व है, उनके द्वारा बताई जाने वाली बातों के मायने क्या हैं, कैसे भावी पीढ़ी को इससे जोड़ने का प्रयास करना चाहिए, जैसे कई बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी। इनको बताने और समझाने का प्रयास इस स्वर्णोत्सव में भी किया जाएगा।

## सर्वसमाज की प्रतिज्ञा ... महतारी भाषा के प्रति रहेंगे प्रतिबद्ध, उत्थान के लिए प्रयत्न



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस के अवसर पर 'मोर चिन्हारी छत्तीसगढ़ी' की ओर से सिविल लाइंन स्थित वृंदावन हॉल में गुरुवार को सर्वसमाज सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ी भाषी राज्य का मुद्दा जोर-शोर से उठा था। साहित्यकारों ने बताया कि 2000 में मध्यप्रदेश से पृथक होने के बाद जब छत्तीसगढ़ नया राज्य बना, तो आधार तक छत्तीसगढ़ी भाषी क्षेत्र होना, लेकिन राज्य निर्माण के बाद से ही छत्तीसगढ़ी के साथ छल शुरू हो गया है। साजिश के तहत छत्तीसगढ़ को ख वर्ग की जगह से क वर्ग में शामिल करा दिया था, इसी का नुकसान आज 3 करोड़ छत्तीसगढ़ी भाषी लोगों को उठाना पड़ रहा है।

सम्मेलन में छत्तीसगढ़ी भाषी राज्य के मुद्दे पर सर्वसमाज के साथ विधानसभा मार्च की रणनीति भी बनी। सम्मेलन में पहुना के रूप में विधायक चातूरी नंद सहित साहू, कुर्मी, यादव, पनिका, सेन, ठाकुर, ब्रामहण, निषाद, चौहान आदि कई छत्तीसगढ़िया समाज के पदाधिकारी शामिल हुए। साथ ही बड़ी संख्या में कवि, गीतकार, साहित्यकार, पत्रकार और कलाकार जगत के लोग भी मौजूद रहे।

### भाषा आधारित रोजगा के मुद्दे भी अहम

विधायक चातूरी नंद ने कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा और रोजगार से संबंधित हर मुद्दे को विधानसभा में मैं प्रमुखता से उठाती रहूंगी, सदन के अंदर और बाहर कहीं महतारीभाषा के लिए मैं पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं, छत्तीसगढ़ राज्य को 'ख' वर्ग शामिल कराने के अभियान में मैं हर मोर्चे पर शामिल हूं। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ी राजभासा मंच के संरक्षक और संघ के पूर्व प्रचारक नंदकिशोर शुक्ल, साहित्यकार डॉ. सुधीर शर्मा, सम्मेलन की आयोजक साहित्यकार लता राठौर, छत्तीसगढ़ीभाषी आंदोलनकारी अमित बघेल, वरिष्ठ साहित्यकार जागेश्वर प्रसाद, समाजसेवी आशीष तिवारी और कई समाज के पदाधिकारियों, पत्रकारों ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलन का संचालन डॉ. वैभव बेमेतरिहा ने और आभार संजीव साहू ने किया।

तीन दिवसीय मैक फिस्टा में जुटे विभिन्न विभागों के छात्र

## साउथ इंडियन गानों पर थिरके, रील मेकिंग में रोचक मूवमेंट, नेल आर्ट में अनोखे तरीके से सजाए नाखून

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में 'मैक फिस्टा' का आयोजन किया गया है। तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को हुआ, जिसका समापन 30 नवंबर को होगा। कार्यक्रम के पहले दिन थ्रीडी पेंटिंग, स्केचिंग, फैंसी ड्रेस, डांस, नेल आर्ट, कॉलेज एड मेकिंग, फोटोग्राफी, रील मेकिंग और फ्लावर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

तीन दिवसीय आयोजन में कॉलेज के 300 से अधिक विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह आयोजन महाविद्यालय परिसर के सभागार में किया गया। शुरुआत फैंसी ड्रेस स्पर्धा के साथ की गई, जिसमें विक्रम बेताल, देवदास, छत्तीसगढ़ महतरी, मैरीकॉम, मौनजुलिका, छोटा पंडित जैसे अनेक लोकप्रिय किरदार में नजर आए। आज श्लोक पाठ, मेहंदी, हेयरस्टाइल, फैशन शो, सुर, टैलेंट शो, पत्र स्वीकारोक्ति, दुल्हा और दुल्हन परिधान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है।



### अंग्रेजी गानों पर थिरके कदम

एकल एवं सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति स्पर्धा के दौरान दी गई, जहां सभी प्रतिभागियों को 2-3 मिनट का वक्त दिया गया। इस अवसर पर साउथ इंडियन, राजस्थानी, गुजराती, पंजाबी, मराठी, छत्तीसगढ़ी परिधान और वेस्टर्न परिधान में विद्यार्थी मौजूद रहे। आकर्षण का केंद्र अंग्रेजी गानों पर गिद्दा, भांगड़ा जैसे पंजाबी डांस के स्टेप रहे निर्णायकों व दर्शकों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा।



### नाटक में बेटी बचाने संदेश

रेप केस, दहेज प्रथा, महिलाओं का शोषण जैसी अनेक समस्याओं पर 2-3 मिनट का नाटक तैयार किया गया। जिसमें एक पिता अपनी बेटी को डॉक्टर से मारने की अपील करता है, वह कहता है कि अगर समाज में मेरी बेटी का जन्म हुआ तो उसका रेप होगा, लोग उसे बुरी नजरों से देखेंगे, दहेज प्रथा जैसे अनेक शोषण का दुख मेरी बेटी को देखना पड़ेगा। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देने से अच्छा 'बेटे को समझाओ' का नारा समाज के लोगों को देना चाहिए। ताकि देश की हर एक बेटी अपने आप को स्वतंत्र समझ सके, रात में घर से बाहर निकलने पर उसे डर का सामना ना करना पड़े।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ ने रेलवे को 3 विकेट से दी शिकस्त



**रायपुर।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का दुसरा टी-20 मुक़ाबला 27 नवंबर को विशाखापटनम में रेलवे टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया. रेलवे ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों 5 विकेट खोकर 159 रन बनाये। रेलवे से कप्तान उपेन्द्र यादव ने नाबाद 68 रन तथा आशुतोष शर्मा ने नाबाद 59 रनों की पारी खेली। दोनों के मध्य छठवें विकेट के लिये 120 रनों की साझेदारी हुयी। जिसकी सहायता से टीम ने खराब शुरुआत से उबरते हुये सम्मानजनक स्कोर बनाया। छत्तीसगढ़ की ओर से गगनदीप सिंह ने 2 विकेट, रवि किरण, मयंक यादव तथा अजय मंडल ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। 160 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम ने 19.5 ओवरों में 7 विकेट खोकर 160 रन बनाये तथा मैच जीत लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से शंशांक चंद्राकर ने 57 रन तथा आयुष पांडेय ने 30 रन बनाये। रेलवे की ओर से कर्न शर्मा ने 3 विकेट तथा आशुतोष शर्मा ने 2 विकेट प्राप्त किये।

### राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता कल से भिलाई में



**रायपुर।** 24 वीं छत्तीसगढ़ सीनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला वर्ग का आयोजन भिलाई इस्पात संयंत्र बॉल बैडमिंटन क्लब एवं छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ के संयुक्त तत्वाधान में बीएसपी बॉल बैडमिंटन खेल परिसर सेक्टर 4, भिलाई में 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों की लगभग 20 टीमें पुरुष वर्ग में एवं 16 टीम में महिला वर्ग में भाग लेंगी। प्रतियोगिता के आयोजन समिति के अध्यक्ष इसरार अहमद खान एवं आयोजन सचिव श्यामल बनर्जी है। प्रतियोगिता लीग कम नॉकआउट पद्धति में खेली जाएगी। स्पर्धा के माध्यम से महिला एवं पुरुष सीनियर वर्ग की टीम का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु किया जाएगा। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता महिला वर्ग की मुंबई में 26 से 29 दिसंबर तक आयोजित की जा रही है। एवं पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन फरवरी माह में कर्नाटक में होना है। यह जानकारी वाय राजा राव, सचिव, छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ ने दी।

### राज्य वुडबॉल प्रतियोगिता में चुने गए खिलाड़ी



**रायपुर।** 5 वीं सीनियर राज्य स्तरीय वुडबॉल ओपन चैंपियनशिप महिला/ पुरूष रायपुर में 29 नवम्बर से 1 दिसंबर तक आयोजित की जा रही है। जिससे सरगुजा जिले से आठ खिलाड़ी शामिल होंगे। सरगुजा जिले से साकेत केडिया,आकाश दुबे, शिवानी सोनी, अभिजीत झा, प्रीतम जयसवाल, संदीप सिन्हा, फरहान खान, तनुज मित्रा शामिल होंगे। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा जिले के वुडबॉल खिलाड़ी लगातार अपना बेहतर प्रदर्शन करते आ रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर भी सरगुजा का नाम रौशन कर रहे हैं। सरगुजा जिले से शामिल होने वाले सभी खिलाड़ियों को अमितेश पाण्डेय, निशांत सिंह (गोल्डी), रजत सिंह ने बधाई दी है।

### छत्तीसगढ़ विजय मर्चेंट ट्रॉफी टीम तैयार




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी टीम के लिए बिलासपुर से 4 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित किए गए अंडर 16 इंटर डिसट्रिक्ट प्रतियोगिता में किए गए खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखते हुए चयनकर्ताओं द्वारा 16 खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ अंडर 16 टीम के लिए किया है। इन खिलाड़ियों में आर्यन सिंह, जी कविश नायडू, गुणवंत अवस्थी, रणवीर चड्ढा शामिल है। सभी खिलाड़ियों को 29 नवंबर सुबह 11 बजे रायपुर के होटल किंग्सवे में रिपोर्ट करना है।

शारीरिक और मानसिक दोनों सेहत के लिए नुकसानदायक है डेस्क जॉब

# लगातार डेस्क जॉब करना भी जोखिम से भरा अल्जाइमर-डिमेंशिया का बढ़ता जा रहा खतरा

डेस्क जॉब या लंबे समय तक एक स्थान पर बैठकर काम करते रहने की आदत को पहले के अध्ययनों में कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं वाला बताया गया है। लॉन्ग सिटिंग जॉब्स के कारण सेंडेंटरी लाइफस्टाइल का जोखिम बढ़ जाता है, जिसको शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की सेहत के लिए नुकसानदायक माना जाता रहा है। अगर आप भी रोजाना 8-10 घंटे बैठकर काम करते हैं तो अपनी सेहत को लेकर अलर्ट रहने की आवश्यकता है। शोधकर्ताओं ने बताया कि डेस्क जॉब वालों में समय के साथ गंभीर न्यूरोलॉजिलकल विकारों के विकसित होने का जोखिम हो सकता है, यह आपमें अल्जाइमर जैसी गंभीर बीमारियों के खतरे को भी बढ़ाने वाली हो सकती है।

अल्जाइमर रोग, डिमेंशिया के प्रमुख कारणों में से एक है, आमतौर पर इसका जोखिम 60 की उम्र के बाद वाले लोगों में देखा जाता रहा है। हालांकि इस शोध में बताया गया है कि जॉब करने वाले लोगों में भी इस रोग का जोखिम बढ़ता जा रहा है, जिसको लेकर सभी लोगों को अलर्ट रहने की आवश्यकता है।



### सेंडेंटरी लाइफस्टाइल और डिमेंशिया का खतरा

कुछ दशकों पहले तक वयस्कों में डिमेंशिया या अल्जाइमर रोग के खतरे को न के बराबर माना जा रहा था, हालांकि समय के साथ इस आयुवर्ग में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य जोखिमों को बढ़ते हुए देखा गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, वर्तमान में 55 मिलियन लोग अल्जाइमर-डिमेंशिया से पीड़ित हैं।

लाइफस्टाइल की समस्याओं के चलते इस तरह की समस्याओं को जोखिम और भी बढ़ गया है। इससे संबंधित जामा जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया अगर आप रोजाना 10 घंटे से अधिक की सिटिंग जॉब करते हैं तो ये स्थिति आपमें डिमेंशिया के विकसित होने का कारण हो सकता है।

### गतिहीन व्यवहार सेहत के लिए हानिकारक


लेखकों ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि आधे से ज्यादा अमेरिकी लोगों के दिन का करीब साढ़े नौ घंटे से अधिक का समय बैठे हुए बीतता है और ये आदत संज्ञानात्मक और संरचनात्मक मस्तिष्क की उम्र बढ़ने से जुड़ी हुई है। गतिहीन व्यवहार में सिर्फ ऑफिस में लंबे समय तक बैठना ही नहीं, लंबे समय तक बैठकर टेलीविजन देखना, कंप्यूटर पर काम करना और गाड़ी चलाना भी इसमें शामिल है।

### अध्ययन में क्या पता चला?

गतिहीन व्यवहार किस प्रकार से मस्तिष्क के लिए समस्याकारक है, इसको जानने के लिए शोधकर्ताओं ने यूके बायोबैंक से डेटा एकत्र किया। प्रतिभागियों को एक सप्ताह के लिए अपनी कलाई पर एक्सेलेरोमीटर पहनने के लिए कहा गया। फिर एकत्र किए गए डेटा पर एक मशीन लर्निंग-आधारित विश्लेषण किया गया ताकि यह आकलन किया जा सके कि वे कितने गतिहीन थे। डेटा का विश्लेषण किया गया, तो पता चला कि जो लोग दिन में लगभग 10 घंटे गतिहीन रहते थे, उनमें डिमेंशिया का खतरा अधिक था।

### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

डिमेंशिया के जोखिमों के बारे में अध्ययनकर्ता डॉ. शारा कोहेन कहती हैं, सेंडेंटरी लाइफस्टाइल को पहले से ही कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के लिए जिम्मेदार माना जाता था, जिसमें मोटापा, उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी समस्याएं थीं, इसके कारण अब डिमेंशिया का जोखिम भी बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। शारीरिक निष्क्रियता, वैस्कुलर हेल्थ के लिए भी हानिकारक है, ये मस्तिष्क में रक्त के प्रवाह को कम करके सेरेब्रोवास्कुलर रोग होने की आशंका को बढ़ा सकती है।





## कपड़ों की स्मार्ट शॉपिंग करने इन टिप्स को कीजिए फॉलो

कपड़े ऐसी जरूरत हैं, जिन्हें हमें समय-समय पर खरीदना होता है। कभी कपड़े हमें टाइट व छोटे हो जाते हैं तो कभी वे पुराने व बेकार हो जाते हैं। ऐसे में हम उन्हें रिटायर कर देते हैं और अपने लिए नए कपड़े खरीदते हैं।

इतना ही नहीं, कभी-कभी हम लेटेस्ट ट्रेंड व फैशन को देखते हुए भी कपड़े खरीदते हैं। सीजन बदलने पर भी कपड़े खरीदना बेहद आम बात है। हम सालभर में कई बार कपड़े खरीदते हैं। लेकिन क्या आपने कभी गौर किया है कि इन कपड़ों को खरीदने के लिए आप कितना पैसा खर्च कर रहे हैं। अक्सर इस ओर किसी का ध्यान नहीं जाता है, लेकिन कपड़े खरीदने के चक्कर में हम काफी सारे पैसे यूं ही वेस्ट कर देते हैं। ऐसा इसलिए भी होता है, क्योंकि कपड़ों की स्मार्ट शॉपिंग नहीं करते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जो कपड़ों की स्मार्ट शॉपिंग करने में आपकी मदद करेंगे-

### बेसिक्स में करें इनवेस्ट



अगर आप सच में कपड़ों की स्मार्ट शॉपिंग (स्मार्ट शॉपिंग) करना चाहती हैं तो आपको बेसिक्स में इनवेस्ट करना चाहिए। मसलन, आप एक व्हाइट शर्ट खरीद सकती हैं। जिसे आप जींस के साथ पेयर करके केजुअल लुक क्रिएट कर सकती हैं। वहीं, ब्लैक पैंट या स्कर्ट के साथ पहनकर ऑफिस जा सकती हैं। इसी तरह, पार्टी में भी इंडो-वेस्टर्न लुक में व्हाइट शर्ट को पहना जा सकता है। इस तरह एक ही पीस कई तरह से स्टाइल हो जाएगा और आपको हर ओकेजन के लिए अलग से शॉपिंग करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### ऑफ सीजन सेल में करें शॉपिंग

कपड़ों की स्मार्ट शॉपिंग करने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप ऑफ सीजन सेल में शॉपिंग करें। इन सेल में आपको ब्रांडेड कपड़े लोकल कपड़ों के दाम में मिल जाते हैं। अच्छे ब्रांड्स सीजन खत्म होते-होते अपने माल को स्टॉक करके नहीं रखना चाहते हैं। ऐसे में वे कुछ दिनों की सेल रखते हैं। इस सेल में आप बेहद कम दाम पर अच्छी क्वालिटी के डिजाइनर आउटफिट खरीद सकती हैं।

### ना हों ओवर बजट

यह अक्सर देखने में मिलता है कि हम कपड़ों की शॉपिंग (शॉपिंग टिप्स) करते हुए अक्सर ओवर बजट हो जाते हैं। लेकिन आपको वास्तव में इससे बचना चाहिए। इसलिए, सबसे अच्छा तरीका यही होगा कि आप पहले अपने कपड़ों की शॉपिंग के लिए एक बजट तय कर लें। इससे आपके लिए अपने कपड़ों को शॉर्टलिस्ट करने में काफी आसानी होगी।

### वार्डरोब जरूर करें रिविजिट



यह एक ऐसा स्मार्ट टिप है, जिसे अधिकतर लोग फॉलो नहीं करते हैं, लेकिन वास्तव में यह टिप आपके बेहद काम आ सकता है। हमेशा कपड़ों की शॉपिंग पर जाने से पहले अपने वार्डरोब को एक बार रिविजिट जरूर करें। इससे आपके दिमाग में यह रह जाता है कि आपके पास क्या है और आपको क्या खरीदने की जरूरत है। इतना ही नहीं, इससे आपके लिए यह तय करना भी आसान हो जाता है कि आप जो कपड़ा खरीदना चाहते हैं, वह आपके पास मौजूद आउटफिट के साथ काम करेगी या नहीं।

## राजस्थानी खूबा रोटी बनाएं और खूब चाव से खाएं




हमारे देश में एक साधारण रोटी के कई नाम, बनाने के अलग-अलग तरीके, स्वाद में बदलाव होते हैं। वैसे तो लोग साधारण रोटी खाना पसंद करते हैं, लेकिन यदि आप साधारण रोटी के स्वाद में कुछ बदलाव चाहते हैं, तो राजस्थान की एक प्रसिद्ध खूबा रोटी जरूर बनाएं।

खूबा रोटी राजस्थान की बहुत ही प्रसिद्ध और पारंपरिक रोटी है। खूबा रोटी को हर कोई बहुत ही आसानी से बना सकते हैं। खाने में बेहद स्वादिष्ट इस रोटी को साधारण रोटी से थोड़ा ज्यादा मोटा बेलकर धीमी आंच पर सेंका जाता है।

खूबा रोटी बनाने के लिए सबसे पहले गेहूं के आटे को छलनी (छलनी कैसे साफ करें) से छानकर एक बर्तन में रखें। अब इस आटे में नमक, जीरा और घी डालकर मोयन मिलाएं। सब कुछ मिक्स करने के बाद थोड़ा-थोड़ा पानी डालकर सख्त आटा गूंथ लें। गूंथे हुए आटा को कुछ देर ढककर रखें, ताकि सेट हो जाए। 10-15 मिनट बाद आटा को अच्छे से मसलकर लोई बनाएं और गैस ऑन करके तवा गर्म करने के लिए रखें। तव गर्म होने तक तक चकले (चकले से जुड़े वास्तु उपाय) में लोई रखकर मोटी रोटी बेल लें। बेलने के बाद रोटी को तवे पर डालकर धीमी आंच में पकने दें। एक तरफ जब सिक जाए तो दूसरी तरफ पलट दें। अब उंगली की मदद से रोटी के ऊपर उंगली और अंगूठे की सहायता से खाँचे या खुरचन बना लें। रोटी को अच्छे से सेंक लें और खुरचन या खाँच वाली साइड को भी पलटकर सेंक लें। गैस की आंच को धीमी रखें दोनों तरफ जब सिक जाए तो प्लेट में निकाल लें और अच्छे से घी लगाकर पंचरत्न दालके साथ खाने के लिए सर्व करें। खूबा रोटी के लिए आटा बनाते वक्त उसमे एक से दो चम्मच घी का मोयन डालने से रोटी अंदर से सिकती है, स्वाद बढ़िया और कुरकुरी लगती है। खूबा रोटी को स्वादिष्ट बनाने के लिए आटा सख्त ही गूथें। खांचे या खुरचन बनाने के तुरंत बाद न पलटे नहीं तो खांचे टूट जाएंगे। खांचे में ही आप घी लगाकर सेक सकते हैं।

## वास्तु अनुसार वर्कटेबल पर क्या रखना है, यह जानें



ऐसा कई बार होता है कि हमारा काम में मन नहीं लगता है या फिर काम में अक्सर गलतियां होती हैं। कभी-कभी ऐसा होना सामान्य है, लेकिन अगर आपके साथ लगातार ऐसा हो रहा है तो ऐसे में आपको थोड़ा सतर्क हो जाना चाहिए। कभी-कभी हमारी छोटी-छोटी वास्तु मिसटेक्स के कारण काम में हमारा मन नहीं लगता है या फिर काम से जुड़ी ग्रोथ रुक जाती है।अक्सर हम ध्यान नहीं देते हैं, लेकिन वर्कटेबल पर कुछ भी रख देते हैं।


हालांकि, ऐसा करने से काम पर बहुत अधिक असर पड़ता है। आपको शायद पता ना हो, लेकिन वास्तु के अनुसार ऐसी कई चीजें होती हैं, जिन्हें वर्कटेबल पर नहीं रखना चाहिए, अन्यथा काम पर बुरा प्रभाव पड़ता है। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज आपको ऐसी ही कुछ चीजों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको अपनी वर्कटेबल पर नहीं रखना चाहिए-

### ना रखें बेकार का सामान

कई बार हम वर्कटेबल पर ऐसी भी कई चीजें रख देते हैं, जिनका हमारे काम से कोई लेना-देना नहीं होता है या फिर वह काम कंप्लीट हो चुका होता है। ऐसे में हम फिर भी उन फाइल्स या डॉक्यूमेंट्स को टेबल पर रखते हैं। हालांकि, आपको वर्कटेबल पर इस तरह बेकार का सामान नहीं रखना चाहिए। इससे व्यक्ति का अपने काम में मन नहीं लगता है। साथ ही साथ, उसके काम में बार-बार गलतियां होने की संभावनाएं भी काफी बढ़ जाती हैं।

### खराब आइटम्स से बचें

कभी-कभी कोई स्टेशनरी जैसे पेन आदि खराब हो जाते हैं या फिर कोई कंप्यूटर पार्ट या फिर इंक कार्टेज आदि सही तरह से काम नहीं करते हैं। लेकिन हम इन्हें भी वर्क टेबल पर यूं ही रहने देते हैं ताकि हम इन्हें बाद में ठीक करवा सकें। हालांकि, आपको इन्हें तुरंत ठीक करवाना चाहिए। अगर आप ऐसा नहीं कर पा रहे हैं तो इसे वर्क टेबल से हटा दें। ये जो नॉन वर्किंग चीजें होती हैं, उन्हें डेड आइटम माना जाता है।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## स्कॉरसेसे और स्पीलबर्ग की होने जा रही दिलचस्प जुगलबंदी, एपल की हरी झंडी



एपल टीवी प्लस ने दो ऑस्कर विजेताओं मार्टिन स्कॉर्सेसे और स्टीवन स्पीलबर्ग द्वारा निर्मित टीवी सीरीज केप फियर को औपचारिक रूप से हरी झंडी दे दी है। उनके साथ इस सीजन में जेवियर बार्डेम भी नजर आएंगे।

निक एंटोस्का ( द एक्ट ) द्वारा निर्मित , केप फियर जॉन डी। मैकडोनाल्ड के उपन्यास ₹द एक्जीक्यूशनर्स₹ पर आधारित है। इसी नाम की 1962 की फीचर फिल्म के अलावा स्कोर्सेसे द्वारा निर्देशित 1991 की रीमेक से भी प्रेरित है। फैंस के लिए खुशखबरी है कि अब 'केप फियर' एपल टीवी प्लस पर प्रसारित होगी।

'केप फियर' पूरे दस एपिसोड की सीरीज है। इसमें सस्पेंस, थ्रिलर और 21वीं सदी में अमेरिका के सच्चे अपराध के प्रति जुनून को दर्शाया जाएगा। कहानी की बात करें तो अमांडा और स्टीव बोडेन के जीवन में तब तूफान आता है, जब उनके अतीत का हत्यारा मैक्स कैडी (बार्डेम द्वारा अभिनीत) जेल से बाहर आ जाता है। यह मैकडोनाल्ड की पुस्तक और फिल्मों से थोड़ा हटकर है, जहां केवल पति ही वकील होता है। दोनों फिल्मों में मैक्स की भूमिका रॉबर्ट मिचम (1962) और रॉबर्ट डी नीरो (1991) ने निभाई थी। विवाहित जोड़े की भूमिका ग्रेगरी पेक और पॉली बर्गन और निक नोल्टे और जेसिका लैंग ने निभाई थी। यह भूमिका बार्डेम को खलनायक की दुनिया में वापस ले आएगी, उन्होंने कई फिल्मों में उत्कृष्ट अभिनय किया है।

### टॉलीवुड

## 'सूर्या 45' का मुहूर्त शॉट पूरा 19 साल बाद पर्दे पर होंगे साथ




साउथ सुपरस्टार सूर्या की 45वीं फिल्म अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। इसका अस्थायी शीर्षक 'सूर्या 45' है। दर्शकों को इस फिल्म से काफी उम्मीदे हैं क्योंकि सूर्या की हालिया रिलीज फिल्म 'कंगुवा' बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पस्त रही है। 'सूर्या 45' का इंतजार कर रहे प्रशंसकों के लिए खुशखबरी है। अभिनेता को तमिलनाडु के पोलाची में श्री मसानिअम्मन मंदिर में निर्देशक आरजे बालाजी के साथ आगामी फिल्म के लिए पूजा समारोह में भाग लेते देखा गया। एकादशी के शुभ अवसर पर, सूर्या और आरजे बालाजी के साथ उनकी टीम समारोह के लिए प्रसिद्ध मंदिर में एकत्रित हुई। भगवान के आशीर्वाद के साथ फिल्म का मुहूर्त शॉट लिया गया। आइए इसके शूटिंग शेड्यूल पर गौर फरमा लेते हैं-

'सूर्या 45' की शूटिंग का पहला शेड्यूल 28 नवंबर, 2024 को कोयंबटूर में होगा। 'सूर्या 45' लगभग दो दशकों के बाद सूर्या और तृषा कृष्णन को स्क्रीन पर साथ ला रही है। दोनों को आखिरी बार 2005 की फिल्म 'आरू' में एक साथ देखा गया था। यह फिल्म सूर्या और आरजे बालाजी के बीच पहले सहयोग का प्रतीक है। ड्रीम वॉरियर पिक्चर्स प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही इस फिल्म के लिए एआर रहमान को संगीतकार के रूप में चुना गया है।

सूर्या अगली बार कार्तिक सुब्बाराज की एक्शन फिल्म में दिखाई देंगे, जिसका अस्थायी नाम 'सूर्या 44' है। सूर्या के साथ, फिल्म में पूजा हेगड़े, जयराम, जोजू जॉर्ज, करुणाकरण, नासर और प्रकाश राज जैसे अन्य कलाकार हैं। फिल्म का संगीत संतोष नारायणन ने तैयार किया है। शूटिंग पूरी होने और पोस्ट-प्रोडक्शन का काम जोरों पर होने के साथ, निर्माता इसे 2025 की गर्मियों में रिलीज की योजना बना रहे हैं।

### भोजपुरी

## 'बलम' को रिझाती आई नजर रश्मि, खूब मटकाई कमरिया



सीरियल उतरन की 'तपस्या' आज घर-घर में पहचानी जाती हैं। एक्ट्रेस रश्मि देसाई ने तपस्या का रोल प्ले किया था। इस रोल ने उन्हें खूब नेम-फेम दिया था। रश्मि टीवी की पॉपुलर स्टार बन गईं। लेकिन क्या आपको पता है कि रश्मि ने अपने करियर में भोजपुरी फिल्मों में भी काम किया है। एक्ट्रेस के गाने खूब वायरल होते थे। उनका सॉन्ग चढ़ल जवानी रसगुल्ला तो काफी चर्चा में रहा है। ये फिल्म बलमा बड़ा नादान का सॉन्ग है। गाने को सिंगर कल्पना ने गया है। लिरिक्स इसके विनय बिहारी ने लिखे हैं। टी-सीरीज हमार भोजपुरी के यूट्यूब चैनल पर ये गाना अवेलेबल है। इस गाने में रश्मि देसाई साड़ी पहने ठुमके लगाती दिख रही हैं। वो अपने बलम को रिझाती नजर आ रही हैं। वो अपनी खूबसूरती का जलवा गाने में खूब बिखेरती नजर आईं। काली साड़ी पर लाल चूड़ी पहने दिखीं रश्मि बहुत खूबसूरत लग रही हैं। उन्होंने इस गाने में सिंदूर और मंगलसूत्र भी फ्लॉन्ट किया है। इस गाने को अब तक 1 करोड़ 96 लाख व्यूज मिल चुके हैं। बता दें कि रश्मि ने अपने करियर की शुरुआत में कई भोजपुरी फिल्मों में काम किया। वो बलमा बड़ा नादान के अलावा माई रे करदे बिदाई हमार, कब होई गौना हमार, तुलसी, सुहागन बना दे सजना हमार, नदिया के तीर, दूल्हा बाबू, बंधन टूटे ना, कंगना खनके पिया के अंगना, तोसे प्या बा जैसी तमाम भोजपुरी फिल्में की हैं।




कोरिया की सांवरिया

सिंगापुर के फ़ोटोग्राफ़र अराम पैन ने उत्तर कोरिया का दौरा किया और 1,000 फ़ैशन प्रशंसकों के साथ प्योंगयांग में एक वार्षिक फ़ैशन शो में भाग लिया। फ़ैशन शो में महिलाओं के लिए 1960 के दशक में पश्चिमी रनवे की याद दिलाने वाले सूट दिखाए गए। पैन ने कहा, ₹स्कर्ट कुल मिलाकर आजकल थोड़ी छोटी लगती हैं।₹ रंग भी ज़्यादा बोल्ड लगते हैं।

## फेसवॉश के समय बिल्कुल न करें ये गलतियां



आप कहेंगे, ₹मैं अपना चेहरा रोज धोता हूं।₹ सुबह से लेकर शाम तक न जाने हम कितनी बार अपना चेहरा धो लेते हैं लेकिन, बावजूद इसके चेहरे पर कोई खास फर्क नजर नहीं दिखाई देता है। 10 में से 7 पुरुष हर रोज फेस वॉश करते समय कई गलतियां करते हैं। जैसे फेश वॉश को चुनने में गलती, कैसे उसे इस्तेमाल करना है इत्यादि। यहां जानें फेश वॉश से जुड़ी दिलचस्प बातें। अपना फेस वॉश चुनना सच में काफी मुश्किल काम है। फेश वॉश लेने से पहले आपको अपनी त्वचा का निरीक्षण करना चाहिए।

यह जानिए कि आपकी स्किन किस प्रकार की है। डॉक्टर से राय लें ताकि आप अपने चेहरे पर जो फेश वॉश लग रहा है वह कितना आपके लिए लाभदायक है। नॉर्मल से ड्राई स्किन वाले पुरुषों को हाइड्रेटिंग और क्रीमी फेस वॉश लगाना चाहिए। वहीं ऑयली और मिक्सड टेक्सचर त्वचा वाले लोगों को फोम वॉश या जेल क्लीन्जर आजमाना चाहिए और याद रखें आपके फेस वॉश का जेल फॉर्म में हो लेकिन झागदार हो।

त्वचा के गर्म और ठड़ा दोनों ही किस्म का पानी हानिकारक होता है। जब भी आप अपना चेहरा धोएं जो पानी का तापमान जरूर ध्यान में रखें क्योंकि, गर्म पानी से आपकी स्किन को नुकसान होगा तो ठंडा पानी इसे और ड्राई बना देगा। अक्सर हम चेहरा धोते हुए क्या करते हैं कि फेश वॉश हाथ में लेते हैं और झट से चेहरे पर रगड़ लेते हैं और तुरंत ही धो लेते हैं। यही आपकी पहली गलती है। जी हां, चेहरा धोते समय से फेश वॉश को लें और हल्के हाथों से इसे लगाते हुए मसाज करें। कुछ मिनटों के लिए इसे छोड़ दें और फिर नॉर्मल पानी से इसे धोएं। इससे फेश वॉश में मौजूदा गुण आपकी स्किन में आसानी से जा पाएंगे।

## सिंपल सूट में चाहती हैं न्यू लुक तो स्टाइल करें ये नए डिजाइन वाले दुपट्टे




सूट के साथ दुप्पटा आपके लुक को कम्पलीट करने और स्टाइलिश बनाने के काम आता है। वैसे तो सूट के साथ आपको दुप्पटा मिलता हैं। लेकिन, अगर आप सिंपल सूट पहन रही है और इस सूट के साथ न्यू लुक चाहती हैं तो आप न्यू डिजाइन वाले दुपट्टे स्टाइल कर सकती हैं। हम आपको कुछ दुपट्टे दिखा रहे हैं जो सिंपल सूट में न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं।



### सिल्क दुपट्टा

अगर आप ब्लैक और व्हाइट कलर का सूट पहन रही हैं तो आप इस तरह का सिल्क दुप्पटा स्टाइलिश लुक पाने के लिए वियर कर सकती हैं। यह दुप्पटा लाइट कलर में है और इसमें बेहद ही खूबसूरत प्रिंट करके डिजाइन बनाया गया है। इस तरह का दुप्पटा आपको कई सारे कलर ऑप्शन में मिल जाएगा जिसे आप 1,000 रुपए से कम कीमत में खरीद सकती हैं।

### प्रिंटेड दुपट्टा

स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह का प्रिंट दुप्पटा भी सूट के साथ वियर कर सकती हैं। इस दुपट्टे में बेहद ही खूबसूरत प्रिंट करके डिजाइन बनाया गया है जो न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है। इस दुपट्टे को आप कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ 700 से 800 रुपये में खरीद सकती हैं।

### मिरर वर्क दुपट्टा

न्यू लुक के लिए आप इस तरह का मिरर वर्क दुप्पटा भी सूट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस दुप्पटे में मिरर वर्क किया हुआ है साथ ही इसमें एम्ब्रॉयडरी भी की गई है जो सूट में आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करेगा। इस दुप्पटे को आप 800 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं।

### मल्टी कलर दुपट्टा

इस तरह का दुप्पटा भी आप व्हाइट सूट के साथ स्टाइलिश लुक पाने के लिए वियर कर सकती हैं। इस तरह दुप्पटा सिंपल सूट के साथ स्टाइल कर सकती हैं और इसे आप 500 रुपये में खरीद सकती हैं। सूट में न्यू लुक पाने के लिए आप इस तरह का दुप्पटा भी स्टाइल कर सकती हैं और इस तरह के दुप्पटे में आपक लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा।

## ब्लाउज की स्लीव्स के डिजाइंस आजमाएं, नहीं दिखेगा आर्म फैट



अपने लुक को आकर्षक बनाने के लिए स्टाइलिंग को अपनी बॉडी टाइप के हिसाब से चीजों को चुनना चाहिए। इसके लिए आप सेलेब्रिटी के लुक से इंस्पायर हो सकती हैं।किसी भी लुक में चार चांद लगाने के लिए उसकी स्टाइलिंग सही तरीके से करना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आपको लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को फॉलो करना चाहिए। लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के साथ-साथ आपको अपनी बॉडी के आकार का भी खास ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है ताकि आपका लुक आकर्षक नजर आए।

अक्सर ब्लाउज खरीदते समय हम अपनी बाजू के फैट को छुपाना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए परफेक्ट डिजाइन का ब्लाउज नहीं खरीद पाते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं ब्लाउज की स्लीव्स के कुछ खास डिजाइंस जिनकी मदद से आप आसानी से आर्म फैट को छुपा पाएंगी और अपने लुक को आकर्षक बना पाएंगी।

### ऑफ शोल्डर स्लीव्स

वैसे तो ऑफ शोल्डर में कई डिजाइन आपको आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप स्टेटमेंट लुक पाना चाहती हैं तो व्रैप स्टाइल वाले ब्लाउज को स्टाइल कर सकती हैं। लुक को कम्प्लीट करने के लिए आप किनारी लेस लगवा सकती हैं। इस तरह का ब्लाउज आप स्कर्ट से लेकर साड़ी तक के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

### पर्ल चैन स्टाइल ब्लाउज

अगर आप स्लीवलेस डिजाइन के ब्लाउज को पहनना चाहती हैं तो इस तरह से पर्ल डिजाइन की चैन लगा सकती हैं। इसके लिए आप मल्टी-लेयर में चैन लगवाएं। वहीं पर्ल के लिए आप कलरफुल मोती भी चुन सकती हैं।

## साड़ी की प्लीट्स को सेट करने के आसान हैक्स संवारेंगे आपको



वहीं साड़ी पहनना कई लोगों के लिए बेहद आसान होता है, तो कई लोगों के लिए ये काफी मुश्किल टास्क भी कहलाता है। इसी बीच फैशन एक्सपर्ट डॉली जैन ने अपने सोशल मीडिया पर साड़ी की प्लीट्स बनाने के आसान तरीके अपने सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं, जिनकी मदद लेकर आप आसानी से साड़ी बांध सकती हैं और साड़ी लुक को आकर्षक बना सकती हैं।

### साड़ी की प्लीट्स बनाने का पहला आसान तरीका

साड़ी की प्लीट्स बनाने के लिए आपको अपने अंगूठे, इंडेक्स और बीच की उंगली की सहायता लेनी चाहिए। इसके बाद अंगूठे की मदद से एक-एक प्लीट्स बना लें। प्लीट्स बनाने के लिए आप जल्दबाजी बिल्कुल भी न करें अन्यथा ये खुल जाएंगी। बता दें कि इस तरह से प्लीट्स बनाने पर आपको इसे ज्यादा सेट करने की आवश्कता नहीं होगी। इन्हें सेट करने के लिए आप सेफ्टी पिंस की सहायता ले सकती हैं।

### साड़ी की प्लीट्स बनाने का दूसरा आसान तरीका

साड़ी की प्लीट्स बनाने के लिए आपको अंगूठे और हाथों की सबसे छोटी उंगली का सहारा लेना होगा। इसके लिए आप इन दोनों उंगलियों की सहायता लेकर प्लीट्स बनानी चाहिए। बता दें कि आराम से ही आप अपनी कलाई को घुमाये ताकि एक-एक प्लीट्स सही तरीके से साफ नजर आए।

कार्नर न्यूज

### पुरुषों के लिए बेस्ट मेकअप ट्रेंड और प्रोडक्ट जानना बेहद जरूरी

## दौर पुरुषों के मेकअप का भी है, बाजार में हाजिर है आपके लिए जरूरी प्रोडक्ट

मेकअप पर सिर्फ महिलाओं का एकाधिकार खत्म हो चुका है। अब मेकअप वाला ट्रेंड पुरुषों की लाइफस्टाइल में भी एंट्री कर चुका है। ये एंट्री कुछ ऐसी हुई है कि बड़े शहरों के ज्यादातर पुरुष अब मेकअप ट्रेंड फॉलो करते हैं। 2023 में पुरुषों का मेकअप ट्रेंड ऐसा है जो उनके लुक को सच में बेहतर बनाएगा। पुरुषों के लिए इन मेकअप ट्रेंड को आप भी जानिए ताकि आपको भी अपने लुक पर मिलें फुल मार्क्स।

### आइब्रो की ग्रूमिंग

मेकअप के ढेरों ट्रेंड आने के बाद भी आइब्रो के मेकअप पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता है। बाकी चेहरे पर भले ही महंगे प्रोडक्ट लगा लिए जाएं लेकिन आईब्रो ऐसी ही रह जाती है। ऐसा महिलाओं के साथ भी होता है। फिर जब बात पुरुषों की हो तब तो इसे भूल ही जाइए।

लेकिन 2023 का ट्रेंड ये कहता है कि पुरुषों को मेकअप करते हुए अपनी आइब्रो के मेकअप पर भी ध्यान देना होगा। वो ब्रो पेंसिल से



खाली जगहों को भर सकते हैं तो आइब्रो को शेप भी दे सकते हैं। इससे लुक में बहुत अंतर आ जाता है।

**बीबी क्रीम:** बीबी क्रीम ऐसा मेकअप प्रोडक्ट है जिसे लाइटवेट फाउंडेशन, कंसीलर और मॉइश्चराइजर के तौर पर इस्तेमाल क्या जा सकता है। इसको स्किन कलर को ईवेन टोन दिखाने के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

अगर स्किन में कोई दिक्कत है तो ये बीबी क्रीम उसको भी ढक लेती है। इसका फायदा ये भी होता है कि इस क्रीम को लगाने के बाद भी लगेगा ही नहीं कि मेकअप का इस्तेमाल किया गया है। नया ट्रेंड फाउंडेशन की जगह बीबी क्रीम को पुरुषों के साथ मेकअप के साथ जोड़ता है।

**मस्कारा :** अभी तक पुरुषों को मस्कारा लगाते नहीं देखा जाता था। लेकिन 2023 का ट्रेंड कहता है कि पुरुष भी अपने मेकअप में मस्कारा को जोड़ सकते हैं। इससे पुरुषों के लुक में पलकें भी पूरा योगदान देंगी। मस्कारे से पुरुषों की पलकों को काफी वॉल्यूम मिल जाता है। इसके साथ पुरुष ड्रामेटिक लुक के लिए काले और भूरे रंग में से किसी एक का चुनाव कर सकते हैं।

**कंसीलर :** पुरुष मेकअप करेंगे तो फाउंडेशन भले ही चुन लें लेकिन कंसीलर इस्तेमाल करने का तो सोचते भी नहीं होंगे। लेकिन पुरुषों के लिए 2023 का मेकअप ट्रेंड कहता है कि उन्हें भी कंसीलर जरूर इस्तेमाल करना चाहिए।

दरअसल कंसीलर डार्क सर्कल के साथ दाग-धब्बों को भी छुपा लेता है। कंसीलर का वो शेड लें जो आपकी स्किन टोन से पूरी तरह मैच करता हो। चेहरे पर ये नेचुरल लगे, इसके लिए कंसीलर को हाथों या ब्रश से ही लगाएं।

**लिप बाम :** पुरुष लिपस्टिक तो नहीं लगाएंगे लेकिन फटे हुए होंठ आपका लुक जरूर बिगाड़ देंगे। इसलिए एक अच्छा लिप बाम आपके पास जरूर होना चाहिए। इनके साथ अब कलर का ऑप्शन भी आता है, इसलिए आप उनमें से भी किसी का चुनाव कर सकते हैं।

